www.dainikchingari.com
26 जनवरी 1950 को स्थापित
संस्थापक: बाबूसिंह चौहान
बिजनौर : रविवार , 12 अप्रैल , 2026
अंक- 167 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

# चिंगारी

**द पैराडाइज**
**कायादु लोहार बनीं सुब्बू**






यह अक्षय तृतीया मनाइए तनिष्क के साथ। पन्ना, गुलाबी टूर्मेलीन,
और चमकते कुदरती रत्नों का अनुभव लीजिए ख़ूबसूरत आधुनिक डिज़ाइन्स में।
उस नारी के लिए जो जहाँ भी जाती है, दुनिया को और रोशन कर जाती है।

20% तक की छूट* गोल्ड ज्वेलरी के बनवाई शुल्क और डायमंड के मूल्य पर

₹201* प्रति ग्राम गोल्ड ज्वेलरी की खरीद पर

फेस्टिवल ऑफ एक्सचेंज — स्मार्ट चुनाव कीजिए — 100%* एक्सचेंज मूल्य पाइए

ऑफ़र 10 अप्रैल - 20 अप्रैल 2026 तक

*गोल्ड रेट प्रोटेक्शन - गोल्ड की बढ़ती क़ीमतों से बचने के लिए एडवांस में बुक करें।



36 लाख भारतीयों ने अपने पुराने सोने को बनाया भारत की नई ताकत

आज, भारत अपना 99% सोना आयात करता है। अपने पुराने सोने को एक्सचेंज करके आप आयात कम करने में मदद कर सकते हैं।

GOLD EXCHANGE

किसी भी ज्वेलर का पुराना सोना एक्सचेंज कीजिए।
साल भर एक्सचेंज की सुविधा।
10,000 से अधिक डिज़ाइनों में से चुनिए अपनी पसंद।

To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply.

**तनिष्क शोरूम, बिजनौर**
**जी.सी. टॉवर्स, जजी रोड, निकट SRS मॉल (शक्ति चौक) बिजनौर, टेली: 7535076666**

# ‘भय हटाओ, भरोसा लाओ, भाजपा को वोट दो’

## कटवा रैली में बोले मोदी

**कोलकाता (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्व बर्दवान जिले के कटवा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा, घुसपैठ और शरणार्थियों के अधिकारों के मुद्दों पर जोर दिया। उन्होंने रैली में नारा दिया, ‘भय हटाओ, भरोसा लाओ, भाजपा को वोट दो’, और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार सुरक्षा और सम्मान दोनों सुनिश्चित करेगी।



शरणार्थी समुदायों, विशेषकर मतुआ और नामशूद्र समाज का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के जरिए उन्हें नागरिकता की गारंटी दी गई है और इस प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। उन्होंने अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर कहा कि ‘घुसपैठियों को देश से बाहर निकाला जाएगा और फर्जी दस्तावेज बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।’ उन्होंने इसे कल्याणकारी योजनाओं में लीकेज से जोड़ते हुए कहा कि फर्जी लाभार्थी असली हकदारों का हिस्सा खा रहे हैं। श्री मोदी ने चुनाव को ‘भय बनाम भरोसा’ की लड़ाई बताते हुए कहा कि उनकी गारंटी है कि ‘निर्दयी शासन का डर खत्म होगा और भरोसे का राज स्थापित होगा।’

उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर लोगों में डर का माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ‘बंगाल अब बदलाव के लिए तैयार है।’ उन्होंने भाजपा के ‘संकल्प पत्र’ का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें छह गारंटियों के साथ विकास का स्पष्ट रोडमैप दिया गया है और पार्टी अपने वादों को पूरा करने का रिकॉर्ड रखती है।

श्री मोदी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कहा कि भाजपा सरकार बनने पर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, चाहे वे नेता हों या मंत्री। उन्होंने चुनाव बाद हिंसा की जांच के लिए आयोग गठित करने की भी घोषणा की। उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार सृजन, महिलाओं के लिए 3,000 रुपये मासिक सहायता और सुरक्षा की गारंटी, सरकारी कर्मचारियों के लिए सातवें वेतन आयोग के लाभ और किसानों के लिए पीएम-किसान के तहत 9,000 रुपये वार्षिक सहायता तथा धान के लिए 3,100 रुपये एमएसपी देने का वादा भी किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार केंद्र की योजनाओं को लागू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर आयुष्मान भारत सहित सभी योजनाएं लागू की जाएंगी। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने फिर दोहराया, भय हटाओ, भरोसा लाओ, भाजपा को वोट दो। उन्होंने इस चुनाव को डर की जगह विश्वास लाने का एक निर्णायक अवसर बताया, और पारदर्शिता, विकास तथा सुरक्षा पर केंद्रित शासन मॉडल का वादा किया।

भारत की दो बहादुर बेटियाँ “विंग कमांडर व्योमिका सिंह” और “कर्नल सोफिया कुरैशी”
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



“सिंदूरी”

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-

★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-

1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स




BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

## स्थानीय किसानों से खरीदे जाएंगे जवानों के लिए फल, सब्जी और अनाज- राजनाथ

**रायसेन (एजेंसी/चिंगारी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि सैनिक छावनियों के लिए फल सब्जी और अनाज स्थानीय किसानों से खरीदने का निर्णय लिया गया है जिससे जवानों को ताजे फल सब्जी और अनाज मिलेगा तथा स्थानीय किसानों को लाभ होगा। श्री सिंह यहां शनिवार से प्रारंभ हुए राष्ट्रीय स्तर के उन्नत कृषि महोत्सव 2026 मेले का शुभारंभ करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे। यह मेला 13 अप्रैल तक चलेगा। श्री सिंह ने यह भी कहा कि जवानों के भोजन में श्रीअन्न (मोटे अनाज) को शामिल करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि किसान देश के निर्माण और सेवा क्षेत्र का आधार है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी किसानों को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कृषि की उन्नति के लिए जो बेहतर होगा, सरकार उसे करने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि श्री चौहान के प्रयासों से कृषि मंत्रालय के कामों को गति और ऊर्जा मिली है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है बिजनौर/धामपुर में शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 9084329100

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 12 अप्रैल, 2026

# नहीं रहीं दिग्गज गायिका आशा भोसले

## 92 वर्ष की आयु में दुनिया को कहा अलविदा, कल अस्पताल में हुई थीं भर्ती



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** मशहूर गायिका आशा भोसले हमारे बीच नहीं रहीं। 92 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया है। करीब सात दशक तक सिनेमाई दुनिया में अपनी सुरीली आवाज का जादू चलाने वाली गायिका को कल शनिवार को तबीयत खराब होने के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज यूनिट में उनका उपचार चल रहा था। दुनियाभर के फैंस दुआएं कर रहे थे। मगर, रविवार को गायिका ने दुनिया को अलविदा कह दिया।

आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने इस खबर की पुष्टि की है। बीते दिन शनिवार को आशा भोसले के तबीयत बिगड़ने की खबर आई। गायिका की पोती जनाई भोसले ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए उनका हेल्थ अपडेट साझा करते हुए लिखा था, 'अत्यधिक थकावट और सीने में संक्रमण के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बेनतीजा रही इस्लामाबाद वार्ता

## जेडी वेंस बोले- ईरान ने हमारी शर्तें नहीं मानी, डील के बिना लौट रहे



**इस्लामाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** पाकिस्तान की राजधानी में अमेरिका और ईरान के बीच चली 21 घंटे लंबी गहन चर्चा के बावजूद कोई समझौता नहीं हो सका है यानि यह बातचीत बेनतीजा रही। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस्लामाबाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि हम खुले दिल से यहां आए थे लेकिन अब हम बिना डील के अमेरिका लौट रहे हैं।

वहीं ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी तसनीम के मुताबिक, अमेरिका की अत्यधिक मांगों ने एक कॉमन फ्रेमवर्क और समझौते में रूकावट डाली। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए वेंस ने कहा, गुड न्यूज ये है कि हमारी ईरानियों के साथ कई मुद्दों पर सार्थक चर्चाएं हुई हैं। बेड न्यूज यह है कि हम किसी समझौते तक नहीं पहुंच पाए हैं। और मेरा मानना है कि यह अमेरिका की तुलना में ईरान के लिए ज्यादा बुरी खबर है। वेंस ने कहा कि उन्होंने अपनी ओर से 'फाइनल और बेस्ट ऑफर' पेश कर दिया है, लेकिन ईरान ने फिलहाल अमेरिकी शर्तों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। वेंस ने कड़े लहजे में कहा कि अमेरिका ने अपनी 'रेड लाइन्स' स्पष्ट कर दी हैं। उन्होंने कहा, हमने साफ कर दिया है कि हम किन चीजों पर समझौता कर सकते हैं और किन पर बिल्कुल नहीं। ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने हमारी शर्तों को स्वीकार नहीं करने का विकल्प चुना है। जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति से यह पूछा गया कि ईरानियों ने किन बातों को नहीं माना? तो उन्होंने कहा, 'मैं ज्यादा डिटेल्स में नहीं जाऊंगा क्योंकि 21 घंटे की निजी बातचीत को मैं सार्वजनिक नहीं करना चाहता। लेकिन फैक्ट ये है कि हमें उनकी ओर से यह कमिटमेंट चाहिए कि वे परमाणु हथियार हासिल करने का प्रयास नहीं करेंगे और न ही उन विकल्पों की तलाश करेंगे जो उन्हें तत्काल परमाणु हथियार प्राप्त करने में सक्षम बना सकें।' उन्होंने कहा कि बातचीत में जो भी कमियां रहीं, वे पाकिस्तानियों की वजह से नहीं थीं। उन्होंने शानदार काम किया और वास्तव में हमारी तथा ईरानियों की बीच की दूरी को पाटने और समझौते तक पहुंचने में मदद करने की पूरी कोशिश की।

# सभी सांसद 16-18 अप्रैल को संसद में रहें!

## भाजपा ने व्हिप जारी किया

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी विशेष संसद सत्र को लेकर अपने सभी सांसदों के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। पार्टी ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी करते हुए 16 से 18 अप्रैल तक सदन में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है। पार्टी की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि इस अवधि के दौरान किसी भी सांसद या केंद्रीय मंत्री को छुट्टी नहीं दी जाएगी। सभी सदस्यों को लगातार सदन में उपस्थित रहने और संसद की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, यह विशेष संसद सत्र महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए बुलाया गया है। सरकार का लक्ष्य इस ऐतिहासिक विधेयक पर व्यापक बहस और आगे की प्रक्रिया को तेज करना है। भाजपा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है 'गुरुवार से शनिवार, 16 से 18 अप्रैल 2026 तक, लोकसभा और राज्यसभा के सभी भाजपा सदस्यों के लिए तीन-लाइन व्हिप जारी किया जा रहा है।' सभी केंद्रीय मंत्रियों और सदस्यों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त सभी तीन दिनों के दौरान सदन में उपस्थित रहें। सदन में उपस्थिति अनिवार्य है।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज



मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob. 7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री सांई अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह. -चान्दपुर, जिला-बिजनौर



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 13 अप्रैल 2026**

मेष- व्यक्तिगत कठिनाइयों का निराकरण, आर्थिक स्थिति में सुधार, साहसिक प्रयास प्रगति पर, बौद्धिक क्षमता का विकास, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल।

वृषभ- निराशा का समापन, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, परिवार में हर्षोल्लास, मनोविनोद के सुअवसर पर प्राप्त, बुद्धि का विकास।

मिथुन- दिनचर्या व्यवस्थित, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, कार्यक्षमता में वृद्धि, आपसी वैमनस्यता का समापन, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, वाहन से सुख।

कर्क- पारिवारिक तनाव, मित्रों से मतभेद, समस्याओं से मन दुविधामय, यात्रा निराशा-जनक, हानि भी संभव, धर्म-अध्यात्म के प्रति अरुचि, वाहन से दुर्घटना संभव।

सिंह- अधूरे कार्यों की पूर्ति, विरोधी परास्त, सामाजिक गतिविधियों में वृद्धि, इच्छाशक्ति का विकास, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, कर्ज की अदायगी, धर्म-अध्यात्म में आस्था

कन्या- व्यक्तित्व का विकास, व्यावसायिक क्षेत्र में विस्तार, मेल-मिलाप में रुचि, दाम्पत्य सुखमय, प्रियजनों से सामंजस्य, आवागमन में अनुकूलता, धन की प्राप्ति।

तुला- मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक कार्यों में वृद्धि।

वृश्चिक-दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, व्यावसायिक असफलता, वाद-विवाद की आशंका, दाम्पत्य जीवन में कटुता, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक, यात्रा विफल।

धनु- व्यावसायिक दृष्टिकोण से समय हितकर, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, भोग-विलासिता की ओर रुझान, मनोरंजन की ओर रुझान, जनकल्याण की भावना जागृत।

मकर- वांछित सफलता का सुअवसर, योजना साकार होने की ओर, आर्थिक पक्ष बेहतर बनने की ओर, पठन-पाठन में रुचि, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, सुपरिणाम की प्राप्ति।

कुम्भ- ग्रहस्थिति अनुकूल, मनोरथपूर्ण, मित्रों से विचार-विमर्श, समस्याओं का समाधान, मेल-मिलाप में रुचि, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, भौतिक सुख।

मीन- बने-बनाये कार्यों में अड़चनें, पारिवारिक उलझनें, मन अशांत, इच्छित पद की प्राप्ति में व्यवधान, धर्म-अध्यात्म के प्रति अरुचि, वैवाहिक जीवन में मतभेद।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

# जीशान ने लूट के इरादे से बाइक पर लिफ्ट देकर कश्मीरी देवी की हत्या कर दी थी

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया, पैर में लगी गोली

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे पर स्थित सिंगाई की पुलिया के पास जंगल के रास्ते में बुजुर्ग महिला के मिले शव की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने हत्यारे को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पैर में गोली लगने से घायल हुए अभियुक्तों को पुलिस ने उपचार हेतु सीएचसी धामपुर भेज दिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए अभियुक्त ने लूट के इरादे से लिफ्ट देकर महिला की हत्या की थी।



गौरतलब है कि शनिवार की सुबह नेशनल हाईवे पर स्थित सिंगाई की पुलिया के पास खेतों पर जाने वाले रास्ते में एक बुजुर्ग महिला का शव रक्त रंजित हालत में मिला था। जिसके माथे पर चोट का गहरा निशान था। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा महिला के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त नई बस्ती कालागढ़ निवासी 71 वर्षीय कश्मीरी देवी पत्नी रामवीर सिंह के रूप में हुई थी। इस मामले में मृतका के पुत्र राम निवास ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। एएसपी पूर्वा अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की विवेचना के दौरान सीसी फुटेज के आधार पर पुलिस द्वारा जब नहटौर के मौहल्ला नौधा निवासी जीशान पुत्र शराफ़त को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने सारा सच उगल दिया। जीशान ने पुलिस को बताया कि उसने कश्मीरी देवी को धामपुर के एक अस्पताल से लूट के इरादे से उसके घर पहुंचने के लिए बाइक पर लिफ्ट दी थी । इस दौरान उसने शेरकोट अफजलगढ़ मार्ग पर सिगांई की पुलिया के पास एकांत देखकर वृद्धा से लूट का प्रयास किया और वृद्धा के विरोध करने पर उसने पत्थर से प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के मुताबिक रात में जीशान को लेकर जब पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची तो उसने वहां छुपाकर रखे तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया, आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में गोली पैर में लगने से जीशान घायल हो गया,जिसे उपचार हेतु सीएचसी भेज दिया गया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त से मृतका का मोबाइल, दो हजार रूपए ,एक तमंचा मय कारतूस खोखा, आलाकत्ल पत्थर बरामद किया है और घटना में प्रयुक्त बाइक को भी कब्जे में ले लिया है।

# तेल कंपनियों को झटका : मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार ने डीजल पर बढ़ाई एक्सपोर्ट ड्यूटी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** सरकार ने पेट्रोल-डीजल और जेट फ्यूल को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। शनिवार को डीजल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी को दोगुने से अधिक बढ़ाते हुए इसे 21.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 55.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया है, वहीं जेट फ्यूल (ATF) पर एक्सपोर्ट चार्ज को 29.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 42 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। पेट्रोल पर इस चार्ज को पहले की तरह ही शून्य रखा गया है। इस बदलाव को लेकर माना जा रहा है कि सरकार घरेलू कीमतों पर महंगाई का भार नहीं देना चाहती है, जिस कारण एक्सपोर्ट ड्यूटी में इजाफा किया है। ताकि घरेलू स्तर पर पेट्रोल-डीजल और जेट फ्यूल की उपलब्धता बनी रहे। खासकर तब जब ग्लोबल स्तर पर एनर्जी कीमतों में अस्थिरता बनी हुई है। ब्रेंट कच्चे तेल का दाम लगातार 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब बना हुआ है। सरकार का यह कदम व्यापक विंडफॉल टैक्स ढांचे का हिस्सा है, जिसके तहत सरकार समय-समय पर ईंधन निर्यात पर लगने वाले शुल्क बदलती है, ताकि रिफाइनर का प्रॉफिट और स्थानीय बाजार की जरूरतों के बीच संतुलन बना रहे. हालांकि, इससे तेल कंपनियों के कारोबार पर असर हो सकता है और उनका बिजनेस ज्यादा प्रभावित होगा, जो दूसरे देशों में रिफाइन डीजल और जेट फ्यूल की सप्लाई करते थे, वहीं पेट्रोल में किसी भी तरह का बदलाव नहीं होने से पेट्रोल का कारोबार प्रभावित नहीं होगा।



# मशाल जुलूस को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की बैठक में टेट अनिवार्यता के विरोध में आगामी 13 अप्रैल को आयोजित होने वाले मशाल जुलूस को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन तथा उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष तनवीर अहमद की उपस्थिति में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग को लेकर आगामी 13 अप्रैल को जिला मुख्यालय बिजनौर पर होने वाले मशाल जुलूस को सफल बनाने की रणनीति बनाकर शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। महासंघ के जिला संरक्षक मोबीन हसन के आवास पर अटेवा के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील कुमार की अध्यक्षता तथा टीएससीटी के ब्लॉक संयोजक सचिन कुमार के संचालन में आयोजित बैठक में आमिर अली ( जिला सह संयोजक ) टीचर सेल्फ केयर टीम, रिजवान अहमद ( जिला अध्यक्ष ), शिवराज ( ब्लॉक अध्यक्ष ), रामनाथ ( ब्लॉक अध्यक्ष ), नितिन मोहन, अनिल वर्मा, हाशिम, नाजिश आदि उपस्थित रहे।**

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की करोड़ों माताओं-बहनों के सम्मान का संकल्प



**लखनऊ ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' को भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक ऐतिहासिक और युगांतरकारी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम देश की करोड़ों माताओं बहनों के सम्मान का संकल्प है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के उज्ज्वल, समावेशी और सशक्त भविष्य की आधारशिला है। यह महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में सशक्त भागीदार और निर्णयकर्ता बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। बेबी रानी मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा लाया गया यह कानून देश की करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान और अधिकारों का राष्ट्रीय संकल्प है। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला यह संवैधानिक संशोधन लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संवेदनशील और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाएं मतदान और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रही हैं, लेकिन राजनीति में उनका प्रतिनिधित्व अभी भी अपेक्षाकृत कम है। भागीदारी बढ़ी है, लेकिन प्रतिनिधित्व संतुलित नहीं है। इसी अंतर को समाप्त करने के लिए यह कानून अत्यंत आवश्यक है।

# ‘विधि योद्धा’ के रूप में लोकतंत्र की रक्षा करें अधिवक्ता

## लखनऊ में कांग्रेस विधि विभाग का अधिवक्ता सम्मेलन संपन्न

**बिजनौर/लखनऊ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधि विभाग द्वारा शनिवार को गांधी सभागार, कैसरबाग लखनऊ में अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश चेयरमैन आसिफ अली रिजवी एडवोकेट ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, विधायक आराधना मिश्रा, धीरज गुज्जर, प्रदीप नरवाल एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अब्बास जैदी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

सम्मेलन में वक्ताओं ने प्रदेश और देश की मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए अधिवक्ताओं से लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने



कहा कि जिस तरह स्वतंत्रता संग्राम में वकीलों ने अग्रणी भूमिका निभाई थी, उसी तरह आज भी अधिवक्ताओं को संगठित होकर ‘विधि योद्धा’ के रूप में कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर विभिन्न बार एसोसिएशनों के चुनाव में विजयी कांग्रेस समर्थित पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में नगीना बार एसोसिएशन के मुनव्वर अली एडवोकेट को सलमान खुर्शीद एवं प्रदेश चेयरमैन द्वारा सम्मानित किया गया। बिजनौर जिला विधि विभाग के चेयरमैन प्रशांत गोयल के नेतृत्व में सर्वश्री इंतखाब जैदी, जितेन्द्र कुमार, सविता सिंह, मुनव्वर अली, मीनू गोयल, जीनत परवीन, विकास नारायण यादव, ठाकुर सीपी सिंह, शुऐब इकबाल, शाहनवाज बेग, फखरे आलम आदि अधिवक्ताओं ने सम्मेलन में भाग लिया। प्रशांत गोयल को मंच पर संयोजक मंडल में शामिल कर सम्मानित भी किया गया।

## भाई के बच्चों को घर में बंद कर ताला लगाया

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला रहमान चौक के पास एक युवक ने आपसी रंजिश में अपने भाई के छोटे-छोटे बच्चों को घर में ताला लगाकर बन्द कर दिया। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने ताला खुलवाया। रहमान चौक निवासी इकराम का अपने भाई इस्लामुद्दीन से घर के हिस्से को लेकर विवाद चल रहा है। शनिवार की शाम इस्लामुद्दीन व उसकी पत्नी घर से बाहर थी। घर पर दो-तीन बच्चे थे। आरोप है कि उसके भाई ने घर के बाहर से ताला लगा दिया। बच्चों के रोने की आवाज़ पर मोहल्ले के लोग दौड़े। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने बन्द घर का ताला खुलवाकर बच्चों को निकलवाया।

## मतदाता सूची से लाखों वोट काट देने पर भड़कीं हेनरीता

### एसआरआई के नाम पर लोकतंत्र पर हमला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला कांग्रेस कमेटी, बिजनौर ने एसआईआर-2026 के तहत मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने का मुद्दा उठाते हुए इसे लोकतंत्र पर गंभीर हमला बताया है। जिला अध्यक्ष श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह ने दावा किया कि जिले में 2 लाख 64 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से काटे गये हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि लाखों लोगों के लोकतांत्रिक



अधिकारों को प्रभावित करने वाला मामला है। उनके अनुसार, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में अधिक संख्या में नाम हटाए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं, जो चिंता का विषय है।

हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। हेनरीता राजीव सिंह ने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटने के पीछे का कारण स्पष्ट किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि मतदाता सूची की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जिन पात्र मतदाताओं के नाम हटे हैं, उन्हें तत्काल बहाल किया जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई वैध मतदाताओं के नाम या तो सूची से हटा दिए गए हैं या गलत तरीके से दर्ज किए गए हैं, जो प्रशासनिक लापरवाही या किसी अन्य कारण की ओर संकेत करता है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने आम जनता से अपील की कि वे अपनी मतदाता स्थिति की जांच करें और किसी भी त्रुटि की सूचना संबंधित अधिकारियों को दें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन का रास्ता अपनाएगी।

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ
शानदार ऑफर के साथ



1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# बिजनौर में हुई नई रेनो डस्टर की भव्य लॉन्चिंग

**बिजनौर (चिंगारी)।** रेनो इंडिया ने शशिबाला आटो मोबाइल प्रा.लि. मुरादाबाद रोड, बिजनौर में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान नई डस्टर एसयूवी को लांच किया। इस एसयूवी डस्टर की शुरुआत कीमत 10.49 लाख एक्स-शोरूम मात्र रखी गई है और देशभर में इसकी डिलीवरी शुरू हो चुकी है। इस वाहन का अनावरण श्रीमती इंदिरा सिंह (नगर पालिका अध्यक्ष) एवं डॉ. बीरबल सिंह (सीनियर बीजेपी नेता) व सूर्यमणि रघुवंशी (संपादक चिंगारी) के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर शशिबाला ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के डीलर प्रिंसिपल विनय कुमार अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, अर्जित अग्रवाल अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बताया गया कि रेनो ग्रुप मॉड्यूलर प्लेटफार्म पर निर्मित नई डस्टर को भारतीय सड़क परिस्थितियों के अनुरूप तैयार किया गया है,जो बेहतर मजबूती, आरामदायक ड्राइविंग



अनुभव और उत्कृष्ट हैंडलिंग प्रदान करती है। इसमें टर्बो 160 इंजन दिया गया है। 163 पीएस की पावर और और 280 एनएम का टर्क जनरेट करता है। यह मैन्युअल और ऑटोमेटिक दोनों ट्रांसमिशन विकल्पों में उपलब्ध है।

रेनो इंडिया के अनुसार इस मॉडल को लॉन्च के साथ ही शानदार प्रक्रिया मिली है। खासकर हाइब्रिड वेरिएंट के लिए जिसकी 2026 की पूरी आवंटन पहले ही बुक हो चुकी है। नई बुकिंग सिलेक्ट त्यौहारों के सीजन के आसपास खुलने की संभावना है।

## नई डस्टर में कई प्रीमियम फीचर्स

**न्यू डस्टर एसयूवी में पैनोरमिक सनरूफ, वेंटीलेटर, फ्रंट सीट्स ड्यूल टोन, एलाइनमेंट कंट्रोल 360 डिग्री कैमरा और 17 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंट सिस्टम जैसे प्रीमियम फीचर्स शामिल हैं। साथ ही इंस्टैंसमेंट सिस्टम में गूगल built इनके साथ एक आधुनिक और कनेक्ट ड्राइविंग अनुभव मिलता है। नई डस्टर 5 वेरिएंट ऑथेंटिक इवोल्यूशन टेक्नो और टेक्नो, आईकॉनिक में उपलब्ध है जो विभिन्न ग्राहकों की जरूरत को पूरा करती है। रेनो अपने ग्राहकों के लिए लचीले सब्सक्रिप्शन प्लान और 7 साल की एक्सटेंडेड वारंटी भी प्रदान करती है।**

# नवप्रवेशित बच्चों को साइकिल वितरित की



**स्योहारा (चिंगारी)।** ब्लॉक बुढ़नपुर के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर में 'नवीन प्रवेश कराओ, साइकिल पाओ' कार्यक्रम के तहत कक्षा 1 के नवप्रवेशित छात्रों को साइकिल वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों की विद्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना और उनमें पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अनीस अहमद ने छात्रों को साइकिल वितरित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का अधिक से अधिक विद्यालय में प्रवेश कराएं और उन्हें नियमित रूप से पढ़ाई के लिए भेजें। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रधानाध्यापक ज़मीरूद्दीन, सहायक अध्यापक शाहिद हसन, जगदीप सिंह एवं पिंकी भारती सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने अनुज मलिक को सिक्कों से तोला
## सपा नेताओं ने भाजपा पर हमला बोला

**छाछरी मोड़ (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के नेता अनुज मलिक के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर कलां में पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी। कई गांवों के लोगों ने अनुज मलिक का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें सिक्कों से तौला।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुज मलिक ने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर वे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करायेंगे। किसानों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेरोजगारी आज सबसे बड़ी समस्या है, लेकिन प्रदेश सरकार को युवाओं के भविष्य की कोई चिंता नहीं।

अनुज मलिक ने याद दिलाया कि जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता जैसी



योजनाएं शुरू की थीं। किसानों के मुद्दे पर उन्होंने आश्वासन दिया कि सपा सरकार किसान हितैषी नीतियां लाएगी, उनकी आय बढ़ाएगी और कर्जमुक्ति जैसे कदम उठाएगी।

सपा जिलाध्यक्ष शेख ज़किर हुसैन ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की। चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश ने अपने संबोधन में विकास कार्यों और सामाजिक सद्भाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सपा सरकार आने पर क्षेत्र में पहले की तरह विकास होगा। स्वामी ओमवेश ने यह भी कहा कि कोई भी ताकत हिंदू-मुस्लिम सद्भाव नहीं बिगाड़ सकेगी। पंचायत की अध्यक्षता ग्राम चकगढ़ी निवासी संतराम ने की।

# वीकेआईटी में तीन दिवसीय 'कल्पवृक्ष-2026' का समारोहपूर्वक समापन

**बिजनौर (चिंगारी)।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में तीन दिवसीय कल्पवृक्ष 2026 के समारोह के समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय चौहान 'जिला महासचिव, राष्ट्रीय लोकदल' व विशिष्ट अतिथि रोहित चौधरी युवा नगर अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, अंकित कुमार व प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम दिन सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले गए। क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला मिर्दगान टाइटस एवं वन लाईफ फिटनेस क्लब की टीम के मध्य खेला गया। वन लाईफ फिटनेस क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 आवरों में 82 रनों का मिर्दमान टीम को लक्ष्य दिया। मिर्दगान टीम ने निर्धारित 7.4 आवरों में 82 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर फाइनल




मुकाबले में अपनी जीत दर्ज की। मिर्दगान टीम के हिमांशु कुमार को मैन ऑफ दा मैच का खिताब दिया गया। कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला वी.के.आई.टी. क्लब और नहटौर बुल्स के मध्य खेला गया, जिसमें वी.के.आई.टी. क्लब ने खिताब अपने नाम किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बिजनौर क्लब और गडाना क्लब के मध्य खेला गया। बिजनौर क्लब ने फाइनल मुकाबले को 21/20 से गडाना क्लब को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया।

विजेता एवं उपविजेताओं को मुख्य अतिथि विजय चौहान व विशिष्ट अतिथि रोहित चौधरी, अंकित कुमार व अभिषेक सिंह के द्वारा नकद पुरस्कार, ट्रॉफी, मैडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

# नगर पालिका ने मशीन मंगाई, बिजनौर में अब आधुनिक तरीके से होगी सड़कों की सफाई

## पालिकाध्यक्ष ने किया रोड स्वीपिंग मशीन का लोकार्पण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद बिजनौर की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने नगर को आधुनिक रूप देने और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। शनिवार को उन्होंने नगर की सड़कों की आधुनिक तरीके से सफाई के लिए रोड स्वीपिंग मशीन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण के आठ महत्वपूर्ण कार्यों का भी लोकार्पण किया।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि बिजनौर नगर का चहुंमुखी विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अब सड़कों की सफाई मशीनों के जरिए होगी, जिससे धूल-मिट्टी से मुक्ति मिलेगी और स्वच्छता का स्तर बढ़ेगा।

पालिका अध्यक्ष ने वार्ड संख्या 13 में आयोजित वार्ड चौपाल कार्यक्रम में हिस्सा लिया और यहां हुए निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए कहा, नगर पालिका परिषद लोगों को सड़क, पथ प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएं देने के लिए संकल्पबद्ध है। नगर के विकास में हम निरंतर प्रयासरत हैं, लेकिन इसे बनाए रखने के लिए हमें आम जनता के सहयोग की भी अपेक्षा है। कार्यक्रम में सभासद तरुणा, मनी चौधरी, नीरज शर्मा, अभिषेक राणा, तुषार चौधरी, शमशाद गामा, मनोरमा शर्मा और सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे। पालिका प्रशासन की ओर से सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, अवर अभियंता (सिविल) यशवंत सिंह, अवर अभियंता (जलकल) गौरव शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी दी



**नूरपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को नूरपुर क्षेत्र के गांव मोरना के देवता बालिका इंटर कॉलेज साइबर टीम ने कॉलिज की बालिकाओं को जागरूकता करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। उपनिरीक्षक रजत राणा ने बालिकाओं को जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षा के लिए तथा साइबर अपराध से बचाव एवं रोकथाम के लिए साइबर हेल्पलाइन 1930 के अलावा विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जारी कर रखे हैं, जिस पर बालिकाएं किसी भी विषम परिस्थितियों में सूचना देकर पुलिस की मदद हासिल कर सकती हैं। इस अवसर पर टीम में आरक्षी निशान्त कौशिक एवं महिला आरक्षी सोनी तोमर मौजूद रहे ।

# पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न



**बिजनौर ( चिंगारी )।** तहसील सदर के सभागार में राजस्व पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन उ.प्र., बिजनौर की बैठक आफाक बेग की अध्यक्षता व इन्द्रदेव शर्मा तथा बाबूराम सैनी के संयुक्त संचालन में संपन्न हुई। मंचासीन अशोक कुमार सेवानिवृत्त अतिरिक्त कमिश्नर, डा. देवराज सिंह, भीष्म सिंह, छिम्वाल साहब, ब्रहमपाल सिंह, लोकेन्दरपाल सिंह, इन्द्रदेव शर्मा रहे। बैठक में सभी तहसील इकाइयों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त देवेंद्रपाल सिंह, पवन सिंह राजस्व निरीक्षक, राजेश कुमार, सहा. जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संगठन की सदस्यता गृहण की गयी। अध्यक्ष इन्द्रदेव शर्मा द्वारा संगठन द्वारा किये गये कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया।

सुशील त्यागी कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। मदन पाल सिंह अध्यक्ष, रथीन्द्र कुमार, सचिव, धामपुर, लोकेन्द्र कुमार उपाध्यक्ष, बलराम राज वंशी सचिव नजीबाबाद, नरेन्द्र सिंह संगठन मन्त्री, चान्दपुर, ब्रहमपाल सिंह वरिष्ठ सलाहकार, बाबूराम सैनी, संयुक्त सचिव, अशोक कुमार, से.नि. एडीशनल कमिश्नर, भीषण सिंह आदि ने विचार रखे। श्री गिरवर सिंह 80 वर्ष से अधिक आयु पूरी करने पर शतायु होने की कामना की गयी। अन्त में हरीश कुमार शर्मा की पत्नी के असामयिक निधन एवं कृष्ण कुमार सिंह की माता जी के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया।

# मंडल कोऑर्डिनेटर को हटाने पर भड़क उठे बसपाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में बहुजन समाज पार्टी के संगठनात्मक फेरबदल को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मंडल कोऑर्डिनेटर के रूप में वीपी सिंह और अरुण कुमार रोनी की नियुक्ति के बाद जहां पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल था, वहां अब अचानक हुए घटनाक्रम से संगठन के भीतर मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं। आरोप है कि मंडल स्तर के कुछ पदाधिकारियों ने व्यक्तिगत स्वार्थ में शीर्ष नेतृत्व से शिकायत की, जिसके चलते अरुण कुमार रोनी को पार्टी से बाहर कर दिया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। कई कार्यकर्ताओं ने इसे राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। उनका कहना है कि यदि किसी ने संगठन को कमजोर करने का प्रयास किया है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इसी बीच शनिवार को पार्टी के बिजनौर स्थित कार्यालय पर ज्योतिबा फुले का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद मुनकाद अली सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबू मुनकाद अली।

बहुजन पैंथर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अरुण कुमार रोनी को हटाए जाने के विरोध में कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान भूरा सिंह, रोमित कौशिक, अंकित, सरवन, जितेंद्र राज, नवनीत और रुपिंदर विक्की सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने रोनी को हटाए जाने पर नाराजगी जताई। अब देखना होगा कि पार्टी नेतृत्व इस विवाद को कैसे सुलझाता है और संगठन में एकजुटता बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।


# हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शनिवार की शाम करीब 5:30 बजे जनपद अमरोहा के मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव लोहदा निवासी बाइक सवार कल्याण सिंह अपने पुत्र अक्षित के साथ फीना से दवाई लेकर अपने घर लौट रहे थे। फीना से निलकते ही गांव सरकथल के पास उनकी बाइक नील गाय से टकरा गई, इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान कल्याण ( 40 ) की मौत हो गई। जबकि घायल अक्षित को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। सूचना पर शिवाला कलां पुलिस ने सीएचसी पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्मार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।

# आंधी में गिरी गेहूं की बाली बारिश के कारण पड़ी काली

**नांगल सोती (चिंगारी)।** आंधी के कारण नीचे गिरी गेहूं की फसल की बाली बारिश के कारण काली पड़ गई हैं। इससे गेहूं का उत्पादन काफी प्रभावित हुआ है। नीचे गिरी फसल का उत्पादन जहां 20-25 प्रतिशत कम हो गया है, वहीं उसकी क्वालिटी काफी खराब हो गई है।

ज्ञातव्य है कि 15/16 मार्च की रात्रि में आई जोरदार आंधी से गेहूं की काफी फसल खेतों में बिस्तर की भांति बिछ गई थी। उसके बाद कई बार बारिश भी हुई है। जमीन पर गिरी गेहूं की फसल के ऊपर बरसी बारिश के कारण गेहूं की बाली काली पड़ गई हैं। गिरा हुआ गेहूं दूर से ही काला नजर आ रहा है। इससे किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है। एक तो गेहूं का दाना बारीक रह गया है, जिससे गेहूं का उत्पादन 20 से 25 फीसदी घट गया है। दूसरे गेहूं एकदम काला पड़ गया है। काले गेहूं की न कोई डिमांड होती है और न ही उसे सामान्य रेट मिल पाता है। ऐसे गेहूं



आंधी से गिरी और बारिश से काली पड़ी गेहूं की फसल

को सामान्य से काफी कम दाम मिल पाता है। गिरे हुए गेहूं का भूसा भी कालेपन पर होगा। उस भूसे को भी पशु शौक से नहीं खाते हैं। यदि बेचना हो, तो उसका रेट भी सामान्य से कम मिलता है। कुल मिलाकर आंधी-बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है।

उधर, इस समय गेहूं की कटाई जोरों पर है। जिस कारण मजदूर-किसान काफी व्यस्त हैं। गेहूं कटाई का कार्य सदैव मजदूर की प्राथमिकता में शामिल होता है। मजदूर अन्य कामों को छोड़कर गेहूं काटना शुरू कर देते हैं, क्योंकि पहली प्राथमिकता घर में सालभर के खाने लायक गेहूं इकट्ठा करने की होती है। उसी प्रकार किसान की प्राथमिकता पशुओं के सालभर के खाने लायक भूसे को स्टॉक करने की होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में कहावत भी है कि जिस मजदूर के घर में खाने को अनाज (गेहूं) तथा जिस किसान के घर में पशुओं का चारा पड़ा हो, उससे बड़ा कोई नवाब नहीं होता। जल्द ही गेहूं की गहाई (थ्रेशिंग) का कार्य भी युद्धस्तर पर शुरू होने वाला है।

# फ्रीजर में आ रहे करंट से युवक की मौत



मृतक का फ़ाइल फ़ोटो

**नूरपुर (चिंगारी)।** सार्वजनिक स्थल पर लगे फ्रीज़र में दौड़े करंट की चपेट में आकर पानी पीने आए एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कस्बा हल्दौर के मोहल्ला ईसान निवासी राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू (40) पुत्र रामलाल सैनी नगर में सब्जी के बीज का फड़ लगाता था। आज सुबह समय करीब साढ़े आठ बजे थाना रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पास स्थित फ्रीज़र से पानी पीने गया था। फ्रीज़र में दौड़ रहे बिजली का करंट की चपेट में आकर उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने युवक के अचेत अवस्था मे पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मौके पर पहुंचकर युवक को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर युवक के परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस शव के पोस्टमार्टम की कार्यवाही में जुटी है।

# अंबेडकर जयंती शांतिपूर्वक मनायें असामाजिक तत्व बाज आयें



## थाना प्रभारी की चेतावनी

**स्योहारा (चिंगारी)।** थाना प्रांगण में आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने कहा कि किन्हीं भी असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। बैठक में डा.भीम राव अंबेडकर जयंती समारोह शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि डा.भीम राव अंबेडकर जयंती का जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाला जाये। कमेटी के अध्यक्ष मास्टर विजयपाल सिंह ने भी नागरिकों से डा.भीम राव अंबेडकर जयंती को आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाने की अपील की। बैठक में विजयपाल सिंह, विकास कुमार, नरेश कुमार, गौतम कुमार, जोगेंद्र कुमार, वीर सिंह, मनीष कुमार, अशोक कुमार, सतपाल सिंह, मोनू कुमार, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# नोटिस चस्पां किये जाने पर भी थाने में नहीं पहुंचे मदन राणा

## धरना छठे दिन भी लगातार जारी

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** अफजलगढ़ पुलिस द्वारा किसान नेता मदन राणा के घर पर गत दिनों नोटिस चस्पां किये जाने के बावजूद मदन राणा थाने नहीं पहुंचे बल्कि उनके प्रकरण में अपनी मांग पर अडिग किसान आज छठे दिन भी धरने पर डटे हुए हैं। अमानगढ़ वन रेंज के दरोगा नरेश कुमार द्वारा बीते दिनों किसान नेता मदन राणा सहित तीन नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ अफजलगढ़ थाने में लिखाए गए मुकदमे से नाराज किसान भाकियू (टिकैत) के बैनर तले अफजलगढ़ डाक बंगले पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं, वहीं इस बीच अफजलगढ़ पुलिस ने मुकदमे के नामजद आरोपी मदन राणा के घर नोटिस चस्पां कर उन्हें 11 अप्रैल शनिवार को प्रातः 10 बजे थाना अफजलगढ़ में उपस्थित होने को सूचित किया था लेकिन मदन राणा थाने नहीं पहुंचे। इस संबंध में थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने कहा कि मदन राणा को पुनः सूचित



किया जाएगा। उधर पुलिस की कार्यवाही से नाराज किसानों का कहना है कि इस प्रकरण में संगठन हाईकमान के निर्देश पर अमल करेंगे। आंदोलन के आज छठे दिन भी भाकियू (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान सहित अनेक किसान धरने पर मौजूद हैं।

# छिनेती के बाद था पवन फरार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**किरतपुर (चिंगारी)।** जनसेवा केंद्र पर हुई छिनेती की घटना को अंजाम देने वाला अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ गया जबकि उसके दो साथी पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 अगस्त 2024 को ग्राम कुम्हेडा स्थित जन सेवा केंद्र पर एक 15 वर्षीय बालक बैठा हुआ था, तभी तीन युवकों ने तमंचे के बल पर नकदी छीन ली थी और फरार हो गए थे। घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था। शिवकुमार की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। घटना में शामिल पवन पुत्र रामपाल निवासी ग्राम कौशल्या थाना चांदपुर फरार चल रहा था। पुलिस ने पवन को गिरफ्तार कर उसके पास से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद



किया। पवन ने पुलिस को बताया कि ग्राम कुम्हेड़ा स्थित जन सेवा केंद्र पर अपने साथी अशोक के साथ पहुंचा था और वहां बैठे 15 वर्षीय बालक को तमंचा दिखाकर बैग लूट लिया था। उसमें 2700 रुपए थे।

# फादरसन स्कूल में विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व बताया

**चांदपुर (चिंगारी)।** फादरसन पब्लिक स्कूल में आगामी इन्वेस्टीचर सेरेमनी की तैयारी के अंतर्गत हाउस कैबिनेट चयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन प्रार्थना से हुई, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम का सुंदर संदर्भ प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को हाउस प्रणाली के महत्व एवं उनकी जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने



अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद हाउस कैबिनेट चयन की घोषणा क्रमबद्ध तरीके से की गई। प्रत्येक हाउस के लिए कुल 19 सदस्यों का चयन किया गया, जिसमें कप्तान, उप-कप्तान तथा विभिन्न जिम्मेदार पदों के लिए विद्यार्थियों को चुना गया। यह चयन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ सभी ने देश के प्रति अपनी एकता और सम्मान को व्यक्त किया।

# मेरठ में दो माह तक बेटी के शव के साथ रहता रहा पिता

**मेरठ ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश में मेरठ छावनी स्थित सदर क्षेत्र के तेली मोहल्ले से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने रिश्तों, संवेदनाओं और मानसिक स्थिति, तीनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

एक वृद्ध पिता अपनी ही बेटी के शव के साथ करीब दो महीने तक उसी घर में रहता रहा, बिना किसी को भनक लगे। पुलिस के मुताबिक 76 वर्षीय सेवानिवृत्त क्लर्क उदय भानु विश्वास की 33 वर्षीय पुत्री प्रियंका की मौत अक्तूबर में हो गई थी।

वह कुछ समय से बीमार थी और एक निजी स्कूल में शिक्षिका थी, लेकिन मौत के बाद जो हुआ उसने पूरे इलाके को सन्न कर दिया।



आरोपी पिता को गिरफ्तार करते हुए पुलिस।

उदय भानु ने न तो किसी को सूचना दी न अंतिम संस्कार किया, बल्कि शव को कमरे में ही रखकर उसके ऊपर लगातार पानी बहाता रहा ताकि दुर्गंध बाहर न फैले। पहचान छिपाने के लिए उस पर कूड़ा-करकट तक डाल दिया गया।

इसके अलावा दुर्गंध को बाहर फैलने से रोकने के लिये परफ्यूम भी छिड़कता रहा। करीब डेढ़ महीने बाद वह घर पर ताला लगाकर हरिद्वार चला गया, जहां अलग-अलग धर्मशालाओं में ठहरता रहा।

गत शुक्रवार को जब परिजनों ने उसे शहर में देखा और बेटी के बारे में पूछा तो वह बार-बार भ्रामक बातें करता रहा, कभी देहरादून, तो कभी गाजियाबाद में इलाज की कहानी सुनाता रहा। सख्ती से पूछताछ करने पर आखिरकार सच सामने आ ही गया। बताया जा रहा है कि उदय भानु अंधविश्वास के प्रभाव में था। उसे संदेह था कि उसकी बेटी पर किसी ने तांत्रिक क्रिया कराई है। इलाज के लिए डॉक्टर के बजाय उसने धार्मिक व्यक्तियों का सहारा लिया। यहां तक कि अंतिम संस्कार में खर्च की बात सुनकर वह टालता रहा और शव को घर में ही छोड़ दिया। परिजनों के अनुसार वह पहले से ही सामाजिक रूप से अलग-थलग रहता था। लगभग 13 साल पहले पत्नी शर्मिष्ठा विश्वास की आत्महत्या के बाद उसने रिश्तों से दूरी बना ली थी। बेटी को भी अन्य परिजनों से मिलने नहीं देता था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस घटना ने पूरे मोहल्ले में दहशत और हैरानी का माहौल पैदा कर दिया है, लोग अब भी यही सोच रहे हैं कि कोई पिता ऐसा कैसे कर सकता है।



प्रियंका का फाइल फोटो।

# भूमिधरी अधिकार पत्र ने इतिहास की अधूरी तमन्ना को किया पूरा- योगी

**लखीमपुर खीरी ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बांग्लादेश से विस्थापित विभिन्न हिंदू परिवारों को संक्रमणीय एवं असंक्रमणीय भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित करते हुए कहा कि यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि न्याय का वह क्षण है, जिसने इतिहास की अधूरी तमन्ना को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में धर्म की व्याख्या परहित सरिस धरम नहिं भाई के रूप में की गई है और इसी भावना के साथ डबल इंजन सरकार पिछले नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास में पहली बार



थारू समुदाय, जो महाराणा प्रताप को अपना पूर्वज मानता है, उसे भूमि अधिकार उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वर्तमान वंशजों को भी अधिकार पत्र दिए गए हैं, जिन्हें पूर्ववर्ती सरकारों ने बसाया तो था, लेकिन स्वामित्व अधिकार नहीं दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से विस्थापित परिवार वर्षों पूर्व भारत आए थे और अपने साथ पीड़ा, असुरक्षा तथा अनिश्चित भविष्य लेकर आए थे। अब उन्हें भारत की धरती पर सम्मान और अधिकार मिल रहे हैं। योगी ने कहा कि इन परिवारों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के अंतर्गत अधिकार दिए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने इस कानून का विरोध किया था।

## उप्र में निजी वाहनों से जल्द हटेगी जी/जी सीरीज

**रामपुर ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश में निजी स्वामित्व वाले वाहनों से जल्द ही G/G सीरीज हटाई जाएगी। परिवहन आयुक्त ने प्रदेश के सभी 75 जिलों को निर्देश जारी कर ऐसे निजी वाहनों को नया पंजीयन चिन्ह आवंटित करने तथा पूर्व में जारी G/G प्रत्यय वाली सीरीज को निरस्त करने को कहा है। उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 1998 के नियम-51 ( क ) के उप-नियम ( 1 ) के अनुसार G/G सीरीज केवल राजकीय वाहनों के लिए आरक्षित है। इसी प्रावधान के तहत अब उन निजी वाहनों के नंबर बदले जाएंगे, जिन पर यह सीरीज अंकित है।**

## उत्तर प्रदेश की अदालतों में बड़े पैमाने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट और एडीजे स्थानांतरित



**प्रयागराज ( एजेंसी/चिंगारी )।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश की जिला अदालतों में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल कर 400 से अधिक न्यायिक अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। 10 अप्रैल को जारी अधिसूचना के मुताबिक प्रयागराज, कौशाम्बी और प्रतापगढ़ में व्यापक स्तर पर नियुक्तियां और स्थानांतरण किए गए हैं। सभी अधिकारियों को 15 अप्रैल तक कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रयागराज के न्यायिक ढांचे में बड़ा बदलाव हुआ है। यहां कई नये अधिकारी भेजे गए हैं, जबकि कई को अन्य जिलों में स्थानांतरित किया गया है। विभिन्न जिलों से प्रयागराज आने वाले अधिकारियों आलोक यादव, विनय जायसवाल, विकास सिंह, देवासीष, तन्वी सिंह और सत्यजीत सिंह को विभिन्न न्यायिक पदों पर तैनात किया गया है। यहां तैनात रहे न्यायिक अधिकारी अभिनव यादव (मिर्जापुर), श्लोक निरंजन (आगरा), दीप्ति यादव (कौशाम्बी), पुष्पेंद्र सिंह (गाजियाबाद), अविचल थमन (मिर्जापुर) और प्रतीक त्रिपाठी (प्रतापगढ़) को स्थानांतरित किया गया है। प्रयागराज में अपर जिला जज स्तर पर भी बड़े पैमाने पर तबादले हुए हैं। इनमें मेरठ से जयेंद्र कुमार, लखनऊ से नीरज कुमार उपाध्याय, और शाहजहांपुर से अनुराधा पुंडीर को प्रयागराज में अपर जिला जज नियुक्त किया गया है। कुशीनगर से आए शैलेंद्र मणि त्रिपाठी को प्रयागराज में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट में अपर जिला जज बनाया गया है। बरेली के विशेष न्यायाधीश कुमार मयंक को प्रयागराज में एससी/एसटी एक्ट का विशेष न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

### आज का विचार

## जिंदगी के जोड़ घटाने के सवाल को हल भी हमें ही करना है



-सत्यराज

उम्र बढ़ती है, लेकिन जिंदगी कम होती रहती है। जीवन के इस जोड़ घटने के सवाल को हल करते-करते उम्र के तीसरे पड़ाव पर पहुंच चुके हैं मनुष्य सामाजिक रूप से सिकुड़ने लगते हैं। पारिवारिक रूप में उपेक्षित महसूस करने लगते हैं। बचपन के बाद युवा बनते ही जीवन को पहचान देने की कशमकश में हम कोई न कोई नौकरी अथवा रोजगार ढूंढकर जीवन यात्रा शुरू कर देते हैं। इसके बाद विवाह करके बच्चों का भरण पोषण करते-करते उम्र के तीसरे और अंतिम पड़ाव पर पहुंच भी जाते हैं। उम्र के पश्चिमी क्षितिज पर पहुंचकर हम महसूस करते हैं कि हम रोजाना अकेले होते जा रहे हैं। समाज की दूसरी या हमारे पीछे आ रही पीढ़ी के लोग अपने जीवन में इतने व्यस्त चल रहे होते हैं कि उन्हें कुछ देर रुककर जीवन संध्या के इन यात्रियों से बातचीत का समय ही नहीं मिलता। हम बुजुर्ग इस प्रवृत्ति को अपनी उपेक्षा समझ लेते हैं, जबकि जरूरी नहीं है कि ऐसा हो। आधुनिक जीवन शैली में परिवार पालने के लिए मनुष्य को बहुत व्यस्त रहना पड़ रहा है। उसके पास अपने बुजुर्गों से बात करने या उनके पास बैठकर दुख-सुख साझा करने का समय कम होता जा रहा है। इस परिवर्तन से दुखी ना होकर हम बुजुर्गों को इसे स्वीकार करके, इसके समाधान के तरीके खोजने होंगे। बुजुर्गों को अपने हम उम्र की टोली बनाकर सुबह-शाम घूमने और पार्क में बैठकर हंसी ठिठोली करनी होगी। मोबाइल पर अपने प्रिय बदमाश दोस्तों के साथ दिल खोलकर बातें करनी जरूरी हैं। ये मलंग दोस्त ही हमें स्वस्थ रहने की भरपूर ऊर्जा देते हैं। खुशनसीब होते हैं वो लोग जिनके पास ऐसे मित्र हैं। आजकल मोबाइल भी मनोरंजन राजनीति और अन्य जानकारी की ऐसी दुनिया है जो आपकी मुट्ठी में रहती है।

### भारतवर्ष में सीनियर सिटीजन

भारत की 140 करोड़ की आबादी में 14 से 15 करोड़ सीनियर सिटीजन हैं। युवा देश कहलाने वाला हमारा देश, अब वृद्ध आबादी वाला देश बनने की ओर स्वाभाविक रूप से अग्रसर है। सरकार, समाज और परिवार तीनों स्तरों पर बुजुर्गों की समस्याएं भी बढ़ रही हैं। उपेक्षा और अकेलेपन से जूझ रहे इन लोगों के लिए तीनों स्तरों पर ही बुजुर्गों के बारे में सोचना होगा। याद रहे की जीवन के दूसरे खंड में इन्हीं बुजुर्गों ने सरकार, समाज और परिवार को बहुत-बहुत कुछ दिया भी है।

# सन्नी आया सन्नी..

## हल्दौर के सर्राफ़ा बाज़ार में मचा हड़कम्प

**हल्दौर ( चिंगारी )। पूर्व सभासद व ट्रेनों के अंतर्राज्जीय शातिर चोर हरविंदर सिंह उर्फ सन्नी को मध्य प्रदेश की भोपाल जीआरपी पुलिस माल बरामदगी हेतु अपने साथ लेकर हल्दौर थाने पहुंची और नगर में कई जगह छापेमारी की कार्रवाई की, जिससे सर्राफा बाजार में हड़कंप मच गया।**

मध्य प्रदेश के भोपाल जीआरपी के दरोगा मिथिलेश भारद्वाज की अगवाई में रविवार को पांच सदस्य जीआरपी की टीम गिरफ्तार ट्रेनों में चोरी करने वाले हरविंदर सिंह उर्फ सन्नी निवासी मौहल्ला खेड़ा हल्दौर को लेकर हल्दौर थाने पहुंची और थाने में आमद दर्ज करवाकर उससे पूछताछ की। भोपाल की जीआरपी की टीम ने सन्नी को साथ लेकर थाना पुलिस के सहयोग से उसकी निशानदेही पर नगर में माल बरामदगी हेतु कई जगह पर छापामार कार्रवाई कर पूछताछ की, जिससे सर्राफा बाजार व हरविंदर सिंह से संबंध और लेनदेन रखने वाले लोगों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस सूत्रों के अनुसार भोपाल की जीआरपी की टीम उनके यहां नवंबर 2025 में ट्रेन में हुई करीब 10 लाख रूपयों के आभूषण आदि चोरी के दर्ज मामले में हरविंदर सिंह को माल बरामदगी हेतु रिमांड पर हल्दौर लेकर आई थी। फिलहाल कोई बरामदगी न होने पर जीआरपी की टीम उसे हल्दौर थाने से अपने साथ ले गई है। इस दौरान नगर में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।




**हल्दौर थाने में मौजूद हरविंदर सिंह उर्फ सन्नी**

मालूम हो कि गत दिनों मध्य प्रदेश की जबलपुर रेलवे पुलिस के द्वारा उसे गिरफ्तार करने पर हरविंदर सिंह फिर सुर्खियों में आ गया है। पुलिस के अनुसार गत दिनों हरविंदर सिंह जबलपुर में चलती ट्रेन में एक महिला का पर्स चुराने के दौरान आरपीएफ से बचने हेतु फिल्मी स्टाइल में एक तालाब में कूद गया था और करीब पांच घंटे तक तालाब में उगे कमल के पौधे की डंडी से सांस लेता रहा। बाद में पुलिस ने उसे गोताखोरों की मदद से तालाब के अंदर से गिरफ्तार कर लिया था। हरविंदर सिंह पर कई राज्यों में दर्जनों ट्रेन में चोरी करने के मुकदमे दर्ज बताए जाते हैं।

### भागवत बोले- हिंदू समाज में एकता की कमी

## ये बार-बार गुलामी की बड़ी वजह

**हेडगेवार ने एकता और आजादी के लिए आरएसएस बनाया था**



**निजामाबाद ( एजेंसी/चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि केशव बलिराम हेडगेवार ने देश को विदेशी शासन से आजाद कराने और हिंदुओं के बीच फूट को खत्म करने के मकसद से RSS की स्थापना की थी।

उन्होंने कहा कि हेडगेवार का मानना था कि समाज में एकता की कमी ही बार-बार गुलामी की बड़ी वजह रही। संघ प्रमुख ने कहा कि हेडगेवार ने ब्रिटिश शासन को खत्म करने के लिए राजनीतिक और हथियारबंद विरोध समेत कई रास्तों पर काम किया था। भागवत ने कहा कि आजादी के लिए काम करते हुए हेडगेवार को यह एहसास हुआ कि अंग्रेज भारतीयों को गुलाम बनाने वाले पहले बाहरी शासक नहीं थे। उनके मुताबिक, समस्या सिर्फ बाहर से आने वाली ताकत नहीं थी, बल्कि समाज के भीतर भी एक कमी थी। भागवत शनिवार को तेलंगाना के निजामाबाद जिले के कंडाकुर्थी गांव में श्री केशव स्फूर्ति मंदिर के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। यह गांव हेडगेवार का पैतृक गांव है। उन्होंने कहा- हममें कोई कमी थी, जिसकी वजह से हमें बार-बार हार का सामना करना पड़ा, इसलिए उस कमी को दूर करना जरूरी था। हिंदुत्व का मतलब दूसरों के साथ मिलकर रहना, अपने रास्ते पर चलना और बाकी लोगों का सम्मान करना है। आरएसएस की प्रार्थना भी इन्हीं गुणों को दिखाती है और शाखा में आने वालों में यही संस्कार विकसित होते हैं। हेडगेवार हिंदुओं को मजबूत, निडर और अच्छा इंसान बनाने के पक्ष में थे। हेडगेवार का मानना था कि अगर इन कमियों को दूर नहीं किया गया, तो देश को बार-बार आजादी के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

# कैंटर व बाइक की टक्कर में

## बालक की मौत



मृतक बालक का फाइल फोटो।

**नगीना ( चिंगारी )। कैंटर व बाइक की टक्कर में 6 वर्षीय बालक की मौत हो गई। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम रजा कॉलोनी निवासी अनस 21 वर्ष अपनी मौसी हुमा निवासी थाना शेरकोट के मोहल्ला कुल्हड़ा के साथ बाइक पर रविवार की सुबह शेरकोट से नगीना आ रहा था। जब उसकी मोटरसाइकिल नगीना में रामलीला मैदान के पास पहुंची तो सामने से आ रहे एक कैंटर से टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक सवार हुमा व अनस तथा गोद में बैठे 6 वर्षीय हम्माद नीचे गिर गए। नीचे गिरने से हम्माद की मौत हो गई । कैंटर स्वामी मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भिजवाया। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। इस घटना में महिला हुमा व अनस भी घायल हो गए।**











# यूपी में अगले सात दिन शुष्क रहेगा मौसम, तेज हवाओं के आसार

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश में गर्मी ने दस्तक दे दी है। शुष्क मौसम के बीच दिन और रात का तापमान बढ़ने से दोपहर में सड़कों पर भीड़भाड़ कम होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले सात दिनों तक मौसम सामान्यत: शुष्क रहने की संभावना है। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चल सकती हैं। 13 और 14 अप्रैल को भी 25 से 35 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवाएं चलने के आसार हैं। 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश दोनों क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। इस दौरान किसी विशेष मौसम गतिविधि की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने 18 अप्रैल तक पूरे प्रदेश के लिए किसी प्रकार की मौसम चेतावनी जारी नहीं की है। किसानों को सलाह दी गयी है कि तेज हवाओं को देखते हुए किसान कटाई के बाद फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें। खुले में रखी उपज को ढककर रखें तथा अनावश्यक रूप से धूलभरी हवाओं में बाहर निकलने से बचें।**

# आठ वर्षीय बच्ची को गुलदार ने हमला कर घायल किया

## गांव वालों ने छुड़ाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम कमलापुर में बीती रात एक 8 वर्षीय बच्ची पर गुलदार ने हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह से बच्ची को गुलदार से छुड़ाकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। बीती रात कमालपुर निवासी आठ वर्षीय सना पुत्री अल्ताफ पर गेंहू के खेत में गुलदार ने हमला कर दिया। सना की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सना को जब तक गुलदार से बचाया, गुलदार उसे गंभीर रूप से घायल कर चुका था। परिजनों ने आनन-फानन में घायल बच्ची को उपचार के लिए समीपुर स्थित सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने सना का उपचार किया। घायल बच्ची की हालत गंभीर बनी है। चिकित्सकों ने बच्ची को बिजनौर के लिए रेफर कर दिया। गांव में गेहूं के खेत में गेहूं इकट्ठा करते समय गुलदार ने सना पर हमला किया। गुलदार के हमले के बाद परिजनों को सना की चीख पुकार की आवाज आई तभी ग्रामीण इकट्ठा हुए। ग्रामीणों ने गुलदार को दबिश देकर सना को छुड़ाया। बच्ची के परिजनों का रो-रोकर



बुरा हाल है। गांव वालों ने पहले भी गांव में गुलदार होने की आशंका जताई थी मगर वनविभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। आखिर गुलदार ने बच्ची पर हमला कर ही दिया। जिसके बाद से पूरे गांव में ग्रामीणों में डर की भावना है। ग्रामीणों ने ड्रोन कैमरे व पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने तथा ग्रामीणों की सुरक्षा कराने की मांग की है।

# नन्हें मियां के मजार पर चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने चादर पेश की

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला पाईबाग स्थित प्रसिद्ध बाबा नन्हें मियां चिश्ती र0अ0 का 97 वां तीन दिवसीय सालाना उर्स देश में अमनो अमान की दुआ के साथ सम्पन्न हो गया। उर्स के मौके पर काफी संख्या में जायरीनों ने पहुंचकर चादर चढ़ाने के साथ मन्नतें मांगी। उर्स के आखिरी दिन नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम ने अकीदत की चादर पेश की। इस अवसर पर जायरीनों ने दरगाह परिसर में देर रात तक चलने वाली सूफियाना कव्वालियों का लुत्फ उठाया। नन्हें मियां



की दरगाह पर चल रहे सालाना उर्स में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मजार पर राकेश जुनेजा, कसीम अहमद एड., शाहिद सिद्दीकी, यासर, आरिफ वारसी, सुजाअत खां, शाकिर शालू आदि ने भी अपनी अकीदत के फूल पेश किए। प्रोग्राम में जफर अकरम साबरी कव्वाल उत्तराखंड, अरमान साबरी नजीबाबाद, अमजद साबरी बिजनौर, आसिफ मलिक मेरठ आदि ने सूफियाना कलाम पेश कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान नईम अख्तर, अजीम अख्तर, सूफी नजाकत अली, बाबा मौ. हसन, डॉ. जुनैद अंसारी, इदरीस अब्बासी, अब्बास खलीफा, शरीफ अहमद उर्फ मन्नू खलीफा, कामरान अली अंसारी, शराफत चौधरी, नौशाद अब्बासी, अजमल अंसारी, नईम अल्वी, काशान खान, साबिर जैदी टैंट वाले, रईस साउंड वाले आदि का विशेष सहयोग रहा।

# विधायक ने किया सिलाई, बुनाई व कढ़ाई केंद्र का शुभारंभ



नजीबाबाद (चिंगारी)। विलेज डवलपमेंट सोसाइटी द्वारा नगर के मौहल्ला संतोमालन में एक सिलाई, कढ़ाई व बुनाई केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हाजी तसलीम अहमद एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती बिंदू सर्राफ द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज बहादुर सैनी व उनके सहयोगी लखबीर सिंह एवं संचालन मधु माहेश्वरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि विधायक हाजी तसलीम अहमद ने कहा कि इस केंद्र पर छात्राओं को नि:शुल्क सिलाई, कढ़ाई व बुनाई का प्रशिक्षण दिया जाना सराहनीय कदम है। इससे महिलाएं स्वावलंबी बनेगी। जिससे वह भविष्य में स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आगे बढ़ सकेंगी। उन्होंने भविष्य में विलेज डेवलपमेंट सोसाइटी के तरक्की करने की कामना की। उन्होंने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए संस्था की संचालिका मधु माहेश्वरी को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मंजू जौहरी, आशीष अग्रवाल, सुरेखा मित्तल, राजबाला शर्मा, नीरू खन्ना, मोना भटनागर, मीना खन्ना, बबीता, पायल, अनीता, सोनल आदि का विशेष सहयोग रहा है।

# पूर्व मुस्लिम सदभावना यात्रा का हरिद्वार जाते समय किया गया स्वागत



यात्रा के स्वागत समारोह में बोलते अतिथिगण।

मंडावली/ नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के आर्य सुगन्ध संस्थान मुस्सेपुर में पूर्व मुस्लिम सदभावना यात्रा का संस्थान की प्रबंधक कमलेश आर्य की ओर से स्वागत किया गया। यात्रा में सभी अतिथियों का तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। आर्य समाज के उपदेशक कुलदीप विद्यार्थी ने बताया कि यह यात्रा संदेश देने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। लोगो के अंदर जो भय बना हुआ है, उनको भयमुक्त करना ही यात्रा का उद्देश्य है। देश के कई राज्यों के पूर्व मुस्लिम यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में इमरोज आलम, अब्दुल समद, परवीन खातून, सुहैल, वीर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रसिक चौहान, राहुल चौहान, रजत राजपूत आदि रहे। यात्रा का गरिमा आर्य, डॉ. अजयवीर सिंह, आदेश चौधरी, डॉ. ओमप्रकाश वैद्य, गगन आर्य, बेगराज सिंह, डॉ. पवन, बबलू प्रजापति, एडवोकेट कामेंद्र सिंह, मोहन सिंह आदि ने स्वागत किया। यात्रा के दौरान मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, एसएसआई योगेंद्र सिंह, मोटा महादेव पुलिस चौकी इंचार्ज सोनू कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह व नामांकन मेले का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। प्राथमिक विद्यालय जलालाबाद द्वितीय न्याय पंचायत हर्षवाड़ा नजीबाबाद में प्रतिभा सम्मान समारोह, वार्षिकोत्सव एवं नवीन नामांकन मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूमाना चेयरपर्सन जलालाबाद तथा संचालन मास्टर तनवीर अहमद ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजमोहन गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी नजीबाबाद द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मिष्टी, दीपिका, फिजा खान, नन्दिनी, अदिना, शाहेनूर, आयत, इशरा, सायबा, बरीरा, माहिरा, हुमैरा, आलोक, शैलजा, अक्शा, अलीशा, रूमायशा, आफिया, शाहेनूर आदि बच्चों ने स्वागत व देशभक्ति गीत तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर राजमोहन गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त अभिभावकों से अपने छह से चौदह वर्ष के सभी बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराने की अपील की। उन्होने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में समस्त अध्यापक ट्रेन्ड होते हैं। यहां पर समस्त पुस्तकें व ड्रेस, जूता मौजे आदि नि:शुल्क मिलते हैं। समारोह को राजकुमार वर्मा नोडल शिक्षक संकुल, नीरज चन्द्रा सभासद नगर पंचायत जलालाबाद, रूमाना अध्यक्ष नगर पंचायत जलालाबाद, विम्मी रानी मैडम, प्रधान अध्यापक नाजिश परवीन, मौहम्मद साजिद, फरहत खान, इफ्फत नाहिद, शमा शफीक जैदी तनु राजपूत, मोईनुद्दीन, वैशाली गुप्ता, बबीता दास आदि ने सम्बोधित किया। वार्षिक परीक्षा में कक्षा पांच में प्रथम स्थान छात्रा विद्या, द्वितीय आयत व तृतीय स्थान परी ने प्राप्त किया। कक्षा चार में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमश: अकशा, अलीशा, आर्यन व शाहेनूर कक्षा तीन में मिसबाह, सारानूर, व जव्वाद, कक्षा दो में ताहिरा खातून, मौहम्मद रिहान व सिदरा परवीन तथा कक्षा एक में अली हसन, महक व उमैरा को राजमोहन गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी, राजकुमार वर्मा नोडल शिक्षक संकुल, विम्मी रानी, रूमाना चेयरपर्सन, नीरज चन्द्रा सभासद, नाजिश परवीन, मास्टर तनवीर अहमद ने प्रतीक चिह्न देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर तौफीक अहमद, माजिदा, गुलशन, रूबीना आदि अभिभावक मौजूद रहे।



छात्रा को सम्मानित करते अतिथिण।

# बेटी को बचाने के लिये मां दरांती लेकर गुलदार की तरफ दौड़ी

बिजनौर ( चिंगारी )। नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम खाईखेड़ी कमालपुर में अपनी मां के साथ खेत पर गई बच्ची जब जंगल से वापस लौट रही थी, तो उस पर गुलदार ने हमला कर दिया। बच्ची के चीखने पर उसकी मां तुरंत दरांती लेकर गुलदार की ओर दौड़ पड़ी और उसकी मां के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने भी हल्ला बोल दिया, जिससे बच्ची की जान बच गई। गंभीर रूप से घायल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खाईखेड़ी कमालपुर की 10 वर्षीय बच्ची सना पुत्री अल्ताफ अहमद बस्ती से कुछ ही



गुलदार के हमले में गंभीर रूप से घायल बच्ची

## हमले में बच्ची गंभीर घायल

दूरी पर स्थित खेतों पर अपनी मां के साथ गई थी। मां खेत में गेहूं काट रही थी और शाम 6 बजे बच्ची वापस घर जा रही थी, तभी बच्ची पर गुलदार ने हमला कर दिया। गुलदार ने बच्ची का गला पकड़कर उसे खींचकर ले जाने का प्रयास किया। बच्ची की चीख सुनकर उसकी मां दरांती लेकर गुलदार को ललकारते हुए दौड़ी। उधर मां का शोर सुनकर आसपास काम कर रहे ग्रामीण भी हल्ला बोलते हुए उधर को दौड़ पड़े, जिससे गुलदार बच्ची को छोड़कर भागने को मजबूर हो गया। बच्ची के गले पर दोनों तरफ गुलदार के दांत लगे हैं। गंभीर रूप से घायल बच्ची को नजीबाबाद से रैफर किये जाने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यदि बच्ची के मुंह से चीख न निकलती, तो गुलदार उसे अपने जबड़े में दबाकर दूर ले गया होता और अपना निवाला बना लेता। वन विभाग की निष्क्रियता से ग्रामीणों में आक्रोश है। बच्ची भाकियू ( टिकैत ) के वरिष्ठ नेता बाबूराम तोमर के गांव की है। बाबूराम तोमर का कहना है कि वन विभाग की निष्क्रियता के खिलाफ जल्द ही आंदोलन शुरू किया जायेगा।

# भारत किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षमः राजनाथ

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत पश्चिम एशिया संकट सहित किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है और सरकार हर संभावित स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम को लेकर औपचारिक बातचीत जरूर हो रही है, लेकिन जमीनी हालात को देखते हुए यह मान लेना उचित नहीं होगा कि पश्चिम एशिया का संकट पूरी तरह समाप्त हो गया है। स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई है, जो लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने आश्वस्त किया कि देश के पास किसी भी संभावित संकट से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस सहित आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति श्रृंखला सुचारु रूप से चल रही है। गोमतीनगर जनकल्याण महासभा के वार्षिकोत्सव में शामिल होकर राजनाथ सिंह ने लक्ष्मण मंडपम सहित 58.27 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के रहते देश में कोई बड़ा संकट उत्पन्न नहीं होने दिया जाएगा। कोविड महामारी जैसे वैश्विक संकट का भारत ने मजबूती से सामना किया था और वर्तमान परिस्थितियों से निपटने की क्षमता भी देश में है। रक्षामंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति मजबूत हुई है और विश्व बैंक जैसी संस्थाएं भी मानती हैं कि भारत किसी भी संकट का सफलतापूर्वक सामना कर सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार काम कर रही है ताकि आने वाले महीनों में कोई नई समस्या उत्पन्न न हो।






# लोकतंत्र की मज़बूती के लिए निष्पक्ष पत्रकारिता जरूरी- गंगवार

## उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) का प्रादेशिक अधिवेशन

**मुरादाबाद/ बिजनौर ( चिंगारी )।** मुरादाबाद में स्थित उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के होटल राही में आयोजित नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (इंडिया) से संबद्ध उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) के प्रादेशिक अधिवेशन में कई पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने पत्रकारों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की।




अधिवेशन के दौरान पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, चुनौतियों और प्रादेशिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। राज्यपाल श्री गंगवार निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक बताया।

विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है, जो जनता की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करता है।

पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसकी मजबूती देश की प्रगति के लिए आवश्यक है।

वरिष्ठ पत्रकार एवं नेशनल बुक ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष बलदेव भाई शर्मा ने कहा कि पत्रकारों को बदलते समय के साथ नई तकनीकों को अपनाना होगा।

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव त्रियुग नारायण तिवारी ने पत्रकारिता के मूल्यों, संरचनाओं और संदर्भों की विस्तार से चर्चा की।

प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री आनंद कर्ण सहित अन्य पदाधिकारियों ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन संजीव आकांक्षी ने किया। अधिवेशन में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विवेकानंद पाण्डेय (अयोध्या), शिवनाथ बख्श सिंह (अयोध्या), सुभाष गुप्ता (अंबेडकरनगर), नृपेंद्र श्रीवास्तव (टांडा), मुरादाबाद अध्यक्ष हरि प्रकाश शर्मा, कुमार देव, बरेली अध्यक्ष डॉ.आशीष अग्रवाल, बिजनौर जिला अध्यक्ष व प्रदेश सचिव डॉ. पुखराज सिंह मलिक, रामनाथ सिंह, मुकुल पाल, विरेंद्र अग्रवाल, चौधरी नरेंद्र सिंह, मो. लतीफ, उज्ज्वल शर्मा, मोहम्मद रिजवान सिद्दीकी, जावेद अहमद, सुमित गौड़, लव अग्रवाल, वरुण आदि पत्रकार मौजूद रहे।

### कई प्रस्ताव पारित किये

प्रादेशिक अधिवेशन में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट की आम सभा और प्रदेश कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई। जिसमें मान्यता समिति का गठन किए जाने, वृद्ध पत्रकारों को पेंशन देने, रेलवे किराया में छूट प्रदान करने और जनपदीय समिति में उपज के पदाधिकारी को शामिल करने सहित कई प्रस्ताव शामिल रहे।

# 'छोरी 2' के एक साल : नुसरत भरुचा के साहसी चुनाव ही बनाते हैं उनकी अलग पहचान

फिल्म 'छोरी 2' को रिलीज़ हुए एक साल हो गया है, लेकिन आज भी नुसरत भरुचा की परफॉर्मेंस को काफी याद किया जाता है और उसकी वजह है उनका कुछ अलग करने का चुनाव है। आमतौर पर फिल्म इंडस्ट्री में जहां कलाकार अक्सर उसी रास्ते पर चलते हैं, जो काम कर रहा हो, वहां नुसरत ने धीरे-धीरे उस दायरे से बाहर निकलने का फैसला किया। 'सोनू के टीटू की स्वीटी' और 'ड्रीम गर्ल' जैसी फिल्मों से एक जाना पहचाना चेहरा बनने के बावजूद, उन्होंने उसी स्पेस में बने रहने की बजाय 'छोरी' के साथ एक बड़ा मोड़ लिया और यह मोड़ था एक फीमेल-लीड हॉरर फिल्म का, जो लगभग पूरी तरह उनकी परफॉर्मेंस पर टिकी थी। हालांकि 'छोरी 2' के साथ उन्होंने इस सफर को और आगे बढ़ाया, जहां कहानी ज्यादा इंटेंस और इमोशन से भरपूर हो गई। 'छोरी 2' को रिलीज़ हुए आज एक साल हुआ है और आज भी यह फिल्म उनके दर्शकों के मन में जस की तस बनी हुई है।





## प्रभास और आदित्य धर के साथ आने की चर्चा ने इंटरनेट पर मचाया तहलका

दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास और बॉलीवुड फिल्मकार आदित्य धर के साथ आने की चर्चा ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। यह चर्चा तब शुरू हुई जब संदीप रेड्डी वांगा ने 'धुरंधर 2' को लेकर एक ट्वीट किया, जिस पर आदित्य धर ने जवाब देते हुए प्रभास को एक 'लीजेंड' बताया। नेटिज़न्स के लिए यह एक छोटा सा इशारा ही काफी था और उन्होंने तुरंत कयास लगाने शुरू कर दिये कि पर्दे के पीछे कुछ बहुत बड़ा पक रहा है।



## 'इलज़ाम' में वकील की भूमिका निभायेंगी न्यारा एम बनर्जी

अभिनेत्री न्यारा एम बनर्जी अपने आने वाले प्रोजेक्ट इलज़ाम में वकील की भूमिका निभाती नजर आयेंगी। खास बात यह है कि यह किरदार न्यारा एम बनर्जी के लिए सिर्फ एक अभिनय नहीं, बल्कि उनकी असल जिंदगी से गहराई से जुड़ा हुआ है। फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में आने से पहले न्यारा ने कानून की पढ़ाई की थी। उन्होंने कभी वकील बनने का रास्ता चुना था, लेकिन बाद में उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। अब इलज़ाम में एक वकील का किरदार निभाना उनके लिए मानो एक फुल सर्कल मोमेंट है। इलज़ाम के साथ न्यारा न सिर्फ अपनी अभिनय क्षमता का नया पहलू दिखा रही हैं, बल्कि अपने अतीत के एक महत्वपूर्ण हिस्से को फिर से जी रही हैं,जो इस भूमिका को और भी खास और दिलचस्प बनाता है। सूत्रों के अनुसार, इलज़ाम में न्यारा एम बनर्जी का किरदार कई दमदार और प्रभावशाली पलों से भरा होगा, जो न्याय और आवाज़ की ताकत को उजागर करेगा। यह उनके करियर में एक नया मोड़ साबित हो सकता है, जहां वह एक अधिक गंभीर और प्रदर्शन-प्रधान अवतार में नजर आएंगी।

## 'द पैराडाइज' कायादु लोहार बनीं 'सुब्बू'

अभिनेत्री कायादु लोहार फिल्म 'द पैराडाइज' में सुब्बालक्ष्मी की भूमिका में नजर आयेंगी। फिल्म द पैराडाइज में 'नेचुरल स्टार' नानी लीड रोल में हैं और इसका निर्देशन श्रीकांत ओडेला कर रहे हैं। यह फिल्म अपने चार्टबस्टर गाने 'आया शेर' की वजह से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है, जो कि अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा कंपोज़ किया गया नानी का एक धमाकेदार इंट्रोडक्टरी गाना है। 'द पैराडाइज' के मेकर्स ने एक बहुत ही शानदार नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें दर्शकों की मुलाकात सुब्बालक्ष्मी से करवाई गई है, जिन्हें प्यार से 'सुब्बू' कहा जाता है। कायादु लोहार के जन्मदिन के मौके पर रिलीज किए गए इस पोस्टर ने नानी स्टारर इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में उनके किरदार को लेकर फैंस के बीच अभी से काफी जिज्ञासा पैदा कर दी है।




## दिल्ली पर छाया भूत बंगला का जादू, मेकर्स ने की जबरदस्त अंदाज में प्रमोशन की शुरुआत!

फिल्म 'भूत बंगला' के मेकर्स ने नयी दिल्ली में फिल्म के प्रमोशन की भव्य शुरुआत की। फिल्म 'भूत बंगला' अपनी रिलीज के करीब आते-आते लगातार और भी बड़ी और एक्साइटिंग होती जा रही है।




## सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल की पूरी टीम ने 1200 एपिसोड पूरे होने का जश्न मनाया

सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल की टीम ने 1200 एपिसोड पूरे होने का जश्न मनाया है। शो पुष्पा इम्पॉसिबल ने एक शानदार उपलब्धि हासिल की है 1200 एपिसोड पूरे कर लिए हैं! शो में करुणा पांडे द्वारा निभाई गई पुष्पा की प्रेरणादायक जर्नी दिखाई जाती है, जो ज़िंदगी की तमाम चुनौतियों के बावजूद कभी हार नहीं मानती। खुद को पढ़ा-लिखा कर वकील बनने का सपना, परिवार का सहारा बनना और अपनी पहचान बनाना। इन सबने पुष्पा को हर उम्र के दर्शकों के लिए उम्मीद और मज़बूती का प्रतीक बना दिया है। 1200 एपिसोड्स के दौरान शो ने सशक्तिकरण, दूसरा मौका और शिक्षा के महत्व जैसे सामाजिक रूप से अहम मुद्दों को कहानी में बखूबी पिरोया है। साथ ही इमोशन, ड्रामा और हल्के-फुल्के पलों के मिश्रण से नैरेटिव को हमेशा एंगेजिंग बनाए


# शुद्ध पेयजल का सपना कब साकार होगा ?



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव के लोगों को घर-घर पीने का शुद्ध पानी मुहैया कराने के उद्देश्य से बनवाए गये ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य कब का पूरा हो चुका है। पाइपलाइन से लेकर सभी तैयारियां पूरी करा ली गई हैं। गांव के चौराहे और सार्वजनिक स्थल तथा लोगों के घरों के सामने पाइप लाइन खड़ी कर दी गई है, जो बिना टोंटी के शोभायमान है। जल निगम की आधी अधूरी तैयारी से तो नहीं लगता कि गर्मियों के मौसम में पीने के पानी की बाट जोह रहे लोगों का सपना साकार हो पाएगा। बताते हैं कि अमृत 2.0 के तहत घर-घर पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए लगभग 4 वर्ष पूर्व गांव में ओवरहेड टैंक का निर्माण और पाइप लाइन बिछाये जाने संबंधी कार्य शुरू कराया गया था। ओवरहेड टैंक बनने के बाद पानी की शुद्धता की जांच कराकर सभी उपभोक्ताओं की सूची भी तैयार कर ली गई थी, फिर भी स्थिति जस की तस बनी है। इसी कारण लोग आज भी दूषित पानी पीने को विवश हैं। उधर एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक लोगों के घरों तक पेयजल की आपूर्ति सुचारु करा दी जाएगी। मालूम हो कि हीमपुर दीपा और सब्लदपुर गांव के लोग भी लगभग ऐसी ही समस्या से जूझ रहे हैं। ग्राम पंचायत रतनपुर खुर्द की ग्राम प्रधान संगीता और दुष्यंत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि समस्या को लेकर वह लगातार आला अधिकारियों के संपर्क में हैं, जिसमें समस्या का अतिशीघ्र समाधान कराए जाने का आश्वासन मिला है। उनका यह भी कहना है कि कुछ तथाकथित लोग ठेकेदारों से संपर्क साधकर ईर्ष्यावश कार्य में लेट लतीफी कराने के कुत्सित प्रयासों में जुटे थे।



ग्राम प्रधान संगीता देवी



प्रधान पति दुष्यंत कुमार

# मु.नगर रोजगार मेले में बिजनौर के 1200 युवा भाग लेंगे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में कल 13 अप्रैल को मुजफ्फरनगर के नुमाइश मैदान में बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मेले में 200 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग कर 25000 युवाओं को उनकी योग्यता एवं इच्छा के अनुसार रोजगार दिलाएंगी। मेले के शुभारंभ के समय व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भी उपस्थित रहेंगे। राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मेले में जनपद बिजनौर में संचालित राजकीय एवं निजी आईटीआई तथा कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के लगभग 1200 युवक-युवती सम्मिलित होंगे। मेले में जाने के लिए कल 13 अप्रैल को प्रात: 8 बजे से राजकीय आईटीआई बिजनौर में बस उपलब्ध रहेगी। राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा ने बताया कि इस मेले में मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और अलीगढ़ मंडल के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# 10 हजार नये सदस्य बनायेगी शिवसेना



शिवसेना की सदस्यता ग्रहण कराते हुये चौ. वीर सिंह।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना कार्यकर्ताओं की बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए जनपद बिजनौर में अभियान चलाकर 10 हजार नये सदस्य बनाये जाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर 25 युवकों ने शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की। गोपाल देवता मंदिर स्याऊ में शोभित गुर्जर की अध्यक्षता एवं धर्मवीर तोमर के संचालन में आयोजित बैठक में शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि शिवसेना 80 प्रतिशत सामाजिक कार्य व 20 प्रतिशत राजनीति करती है। किसानों, मजदूरों, पीड़ितों व बहन-बेटियों की आवाज जोर-शोर से उठती है। शिवसेना के जिला उपप्रमुख मुकेश लांबा ने कहा कि शिवसेना भारतीय संस्कृति के लिए, गौ माता के लिए, भारत माता के लिए व गंगा माता की सुरक्षा के लिए हर वक्त तत्पर रहती है। बैठक में दिनेश तोमर, राजीव अहलावत, बंटी शेरावत, संदीप चौहान, समरपाल सिंह, राजवीर, अंकित, अभय, विकास सैनी आदि मौजूद रहे।

# बाइक से बाइक टकराई एक के गम्भीर चोट आई

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** विगत रात्रि लगभग 8 बजे ग्राम जालपुर स्थित ईंट भट्टे के समीप दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी हालत सीरियस बताई जाती है। दूसरी बाइक पर सवार युवक बाइक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गये। नांगल सोती के मुहल्ला बड़तला का निवासी युवक संक्रान्त (25 वर्ष) पुत्र चंदर सिंह भागूवाला स्थित केन क्रेशर पर काम करता है। विगत रात्रि में वह क्रेशर से घर आ रहा था। नांगल-मंडावली मार्ग पर ग्राम जालपुर स्थित ईंट भट्टे के समीप उसकी बाइक में एक अन्य बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में संक्रान्त सिर के बल सड़क पर गिरने से बुरी तरह से लहूलुहान हो गया। घायल युवक को एम्बुलेंस द्वारा समीपुर (नजीबाबाद) स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया था। वहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर के लिये रैफर किये जाने पर उसे देहरादून के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उधर दूसरी बाइक पर सवार युवक बाइक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गये। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि बाइक को कब्जे में ले लिया गया है।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ बछरायूं के तीन युवक गिरफ्तार





**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने चैकिंग के दौरान जनपद अमरोहा के तीन युवकों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा बबनपुरा चौकी बैरियर पर चैकिंग की जा रही थी, तभी पुलिस ने मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों को रोककर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार इन युवकों ने अपने नाम जोगेन्द्र पुत्र राम सिंह निवासी मौ. साकातपुरा थाना बछरायूं, गुरुवेन्द्र पुत्र चन्द्रपाल व कासिफ पुत्र शमीम निवासी पेश थाना बछरायूं बताया। पुलिस ने उनके पास से मिली मोटरसाइकिल के नंबर यूपी 23 आर 3592 को चालान ऐप पर डाला तो उसमें मोटरसाइकिल मालिक का नाम सोनू पुत्र शिवचरन निवासी ग्राम देवीपुरा, जनपद अमरोहा आया। पुलिस ने मोटरसाइकिल मालिक सोनू से फोन पर बात की तो उसने बताया कि उसकी मोटरसाइकिल दो वर्ष पूर्व चोरी हो गई थी, जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी थी।

# अरविंद लांबा का स्वागत किया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिकों ने क्षेत्र के ग्राम बाबरपुर निवासी पूर्व सैनिक अरविन्द कुमार लाम्बा के महात्मा विदुर पूर्व सैनिक संगठन बिजनौर का जिला अध्यक्ष बनने पर उनके आवास पर पहुंचकर उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत/सम्मान किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार लाम्बा ने अपने पूर्व सैनिक साथियों का पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर संरक्षक पूर्व सैनिक यशपाल सिंह का भी सम्मान किया गया। संगठन के महासचिव पूर्व नरेश कुमार, पूर्व सैनिक कल्याण समिति के तहसील अध्यक्ष मुनेश कुमार, तहसील संरक्षक चांदपुर पूर्व सैनिक मुनेन्द्रपाल सिंह, पूर्व सैनिक मुकेश कुमार यादव, पूर्व सैनिक वीरपाल सिंह एवं श्री कुलदीप सिंह (अध्यक्ष श्री जी सेवा संस्थान बाबरपुर, बिजनौर) उपस्थित रहे।

# बाबू मुनकाद अली का आह्वान, बसपा को वोट करें मुसलमान

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम जलीलपुर में बसपा के विधानसभा महासचिव मोनिस राजपूत के आवास पर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष वीर सिंह की अध्यक्षता एवं जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी के संचालन में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि बसपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश मुनकाद अली ने सर्वसमाज से बहुजन समाज पार्टी के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में मुस्लिम समाज ने एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को वोट किया, लेकिन उसके बाद भी उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता से हटाने को मुस्लिम समाज को एकजुट होकर बसपा प्रत्यशियों को जिताना होगा। उन्होंने भाजपा सरकार को सभी मोर्चों पर विफल बताते हुए कहा कि आसमान छूती मंहगाई, बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई। बैठक में सर्वश्री चेतराम सिंह, विधानसभा प्रभारी मंडल कोऑर्डिनेटर धर्मपाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष अहमद अली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष करतार सिंह, पूर्व विधानसभा महासचिव साजिद चौधरी, औरंगजेब राजपूत, संजय सिंह, नगर अध्यक्ष चांदपुर बन्ने अल्वी आदि मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बसपा के राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली

# बिजनौर में निकलेगी 26 को भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा



## ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन ने किया विचार-विमर्श

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन के जिला कोषाध्यक्ष राजीव शर्मा दानी के साहित्य विहार स्थित आवास पर पवन शर्मा एड. की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सुनील भारद्वाज के संचालन में एक मीटिंग आहूत की गई, जिसमें आगामी 26 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली भगवान परशुराम शोभायात्रा को भव्य आकर्षक बनाने हेतु विचार-विमर्श किया गया, जिसमें मंडलीय अध्यक्ष डॉ. संजीव शर्मा दानी ने कहा कि शहर में ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन की ओर से फ्लेक्स और बैनर लगाए जाने चाहिए। जिला उपाध्यक्ष दीपक वशिष्ठ ने कहा कि भगवान परशुराम जी हमारे आराध्य है। उनकी शोभायात्रा को पूरे मनोयोग से भव्य रूप से मनाना, तन, मन से सहयोग करना हम सबका का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर फाउंडेशन के संरक्षक कुलश्रेष्ठ शर्मा, रेवादत्त शर्मा, विनोद शर्मा, पंकज शर्मा, राशि शर्मा, डॉ. अंशु शर्मा, विशाल शर्मा, सतेंद्र शर्मा, वैभव शर्मा आदि अनेक ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

# विधायक ने कादराबाद में किया उत्सव भवन का शिलान्यास

## कहा- मोदी-योगी सरकार में हो रहा रिकॉर्ड विकास

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने अफजलगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत अजीमुल्ला नगर उर्फ कादराबाद में उत्सव भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक सुशांत सिंह एवं ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार 'बबली' आदि अतिथियों का ग्राम प्रधान कैलाशचंद सहित अनेक ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक सुशांत सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की मोदी-योगी सरकार में रिकार्ड विकास कार्य हुए हैं और हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कादराबाद में बनने वाले इस उत्सव भवन से कादराबाद सहित आसपास के गांवों के लोगों को भी लाभ पहुंचेगा, जो अपने तमाम कार्यक्रम अब महंगे किराए पर मिलने वाले बैंकट हाल के बजाय इस उत्सव भवन में आयोजित कर सकेंगे। इस अवसर पर एडीओ (पंचायत) ललित प्रताप सिंह, पंचायत सचिव इरफान अली मंसूरी, भाजपा नेता कपिल चौहान, ग्राम प्रधान अमरीक सिंह, पूर्व प्रधान रामनाथ सिंह आदि अनेक ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान एवं गांव व क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग व ग्रामीण मौजूद रहे।



उत्सव भवन का भूमि पूजन करते विधायक सुशांत सिंह।

# शादी समारोह में गये प्रधान जी के साथ मारपीट व धक्का-मुक्की हुई

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम प्रधान ने बैंकट हॉल में हुए विवाद के दौरान एक युवक और उसके तीन साथियों पर अकारण मारपीट करने, गाली-गलौच करने का आरोप लगाया। मामले से जुड़ी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है। ग्राम मिर्जापुर के प्रधान दानिश अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि वह 8 अप्रैल की रात्रि को धामपुर रोड स्थित बैंकट हॉल में आयोजित शादी कार्यक्रम में पहुंचा था, जहां पर मौजूद फरमान पुत्र युसूफ निवासी सदरूद्दीन नगर ने उसके साथ अकारण गाली-गलौच शुरू कर दी, जिसका उसने विरोध किया तो आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट की, जिसमें ग्राम प्रधान को चोट आयी। ग्राम प्रधान का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। वही, मामले से जुड़ी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो की सत्यता की चिंगारी पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में कुछ युवक ग्राम प्रधान पर हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में ग्राम प्रधान की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## उधोवाला में हुई चोरी का अभी नहीं लग पाया कोई सुराग

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक सप्ताह पूर्व ग्राम उधोवाला में हुई चोरी का पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। हलका पुलिस की इस नाकामी को लेकर ग्रामीणों में रोष है। उद्योवाला निवासी शिक्षक भूपेंद्र सिंह के घर के सभी परिजन ग्राम जिकरीवाला में मोहित चौहान के यहां 6 अप्रैल की रात्रि जागरण में गये हुए थे कि इसी रात उनके घर में चोरी हो गई। चोर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चुरा कर ले गए। सूचना दिए जाने के बाद अफजलगढ़ पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया था, मगर पुलिस अभी तक चोरी का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। एसओ विजेंद्र सिंह राठी का कहना है कि वारदात का शीघ्र पर्दाफाश किया जाएगा।

# मुकुल गुप्ता चुने गये अग्रवाल वैश्य सभा के नूरपुर अध्यक्ष

**नूरपुर ( चिंगारी )।** अग्रवाल वैश्य सभा की बैठक में नवीन कार्यकारिणी के लिए युवा व्यापारी मुकुल गुप्ता को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। शनिवार की रात निवर्तमान अध्यक्ष डा. पवन अग्रवाल के आवास पर आयोजित अग्रवाल वैश्य सभा की बैठक में उन्ही के द्वारा मुकुल गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसका सभी अग्र बन्धुओं द्वारा समर्थन किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष मुकुल गुप्ता ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है वे पूर्ण जिम्मेदारी से उसका निर्वहन करेंगे। अशोक मित्तल की अध्यक्षता एवं सिद्धार्थ गुप्ता के संचालन में आयोजित बैठक में अनिल गुप्ता, मनोज बंसल, गौरव मित्तल, प्राज्ञ गोयल, सुबोध रस्तौगी, प्रमिला मित्तल, मुकेश गुप्ता, प्राकुल रस्तौगी एवं तरुण गुप्ता आदि ने हिस्सा है। संरक्षक मंडल ने नव निर्वाचित अध्यक्ष से शीघ्र कार्यकरिणी के गठन का आह्वान किया।



नवमनोनीत अध्यक्ष को मिठाई खिलाते डॉ. पवन अग्रवाल।

# जाकर दुकान-दुकान, भाजपा की नीतियों का किया बखान



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित गांव चलो/बूथ चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में जनसंपर्क कर व्यापारियों को केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं जनहित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कलेंडर भी वितरित किए गए। शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में दुकान-दुकान जाकर व्यापारियों को भाजपा की स्थापना में महापुरुषों के योगदान के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसी विचारधारा को लेकर चल रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री केशव चौधरी, नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मीनू राजपूत, सभासद संगीता सैनी, नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, हर्ष जावा, आशू गोयल, विपिन भाटिया, कुंवर सेन, गोविंद गिरी, दीपू गिरी, अनिकेत, विपिन कुमार, अमन कुमार, प्रतीक कौशिक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कक्षा 6 व 9 में प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजित की

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** शनिवार को स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजित की गयी। इस दौरान अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें अभिभावकों से सहयोग की अपील की गई।

जनपद के कई एडेड इंटर कॉलेजों में जहां छात्र संख्या घट रही है और वे नवीन प्रवेश हेतु तरस रहे हैं। वहीं राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती में प्रवेश के लिये प्रतिवर्ष मारामारी मचती है। प्रतिवर्ष कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन किया जाता है। शनिवार को कक्षा 6 में प्रवेश हेतु 319 विद्यार्थियों ने तथा कक्षा 9 में प्रवेश हेतु 233 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। 15 अप्रैल को परीक्षा का परिणाम घोषित किया जायेगा। शनिवार को विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक संघ की बैठक भी आयोजित की गयी। पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप एड. एवं कोषाध्यक्ष कावेन्द्र सिंह एड. ने अभिभावकों से विद्यालय में अनुशासन स्थापित करने के लिये सहयोग का आह्वान किया। बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म में ही विद्यालय भेजने तथा उनकी उपस्थिति एवं पढ़ाई पर निरंतर नजर बनाये रखने की अपील की गई। प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने कहा कि बच्चों के प्रवेश हेतु अनावश्यक रूप से चक्कर न लगायें। विद्यालय अपनी क्षमता के अनुरूप ही प्रवेश ले पायेगा। वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण एवं प्रवक्ता हरवीर सिंह ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि नियमित अंतराल पर विद्यालय आकर अपने बच्चों की प्रगति के बारे में शिक्षकों से अवश्य वार्ता करें।



आरबीएस इंटर कॉलेज में प्रवेश परीक्षा देने पहुंचे बच्चे।

# धूमधाम से मनाया डॉ. हैनीमन का जन्मदिन

**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व होम्योपैथिक दिवस पर शुभम मंडप में होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमन का 271वां जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। वैलक्योर मल्टी स्पेशलिटी होम्योपैथिक हैल्थ केयर एवं रिसर्च सैन्टर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह व आरएसएस के जिला कार्यवाह विपिन चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे, कार्यक्रम संयोजक चौधरी अरुण प्रताप सिंह ने होम्योपैथिक दिवस के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ हिमांशु दक्ष ने कहा कि होम्योपैथीक एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जिसके माध्यम से आसाध्य रोगों का भी इलाज संभव है।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने कहा कि आयुर्वेद, होमियोपैथ व एलोपैथ तीनों पद्धतियों का अध्ययन करने के बाद इलाज कराएं। कार्यक्रम में भाजपा के भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी ने कहा कि डॉ सैमुअल हैनिमन होम्योपैथी के जनक थे और आज हम उनकी 271वीं जयंती मना रहे हैं। उन्होंने होमियोपैथी को जन–जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि दैनिक दिनचर्या और लोगों में घटती प्रतिरोधक क्षमता कम हो रही है। इसके लिए जीवनशैली सुधारने के साथ ही होम्योपैथी भी एक बेहतर विकल्प हो सकती है।



भाजपा जिला अध्यक्ष को सम्मानित करते हुए।

## कार्यक्रम में इन्हें किया गया सम्मानित

**वैलक्योर मल्टी स्पेशलिटी होम्योपैथिक हैल्थ केयर एवं रिसर्च सैन्टर की ओर से भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, चौधरी अरुण प्रताप एडवोकेट, विवेक राज रोनी एडवोकेट, राघव शरण गोयल, पत्रकार शाकिर अंसारी, सुमित शर्मा, निहाल अहमद, ऐश्वर्या चौधरी, पूनम सिसौदिया, शचि शर्मा, हिमांशु विश्वास, टीकम सिंह फौजी, सरदार सतवंत सिंह सलूजा, वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा, हाजी हसन खान, पुरुषोतम अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, वरिष्ठ होमियोपैथिक चिकित्सक डा. सिकन्दर नगीना, शमशुल अरब, ज्ञानचंद प्रजापति, डा. साहिल सिद्दीकी, सौरभ राजपूत एडवोकेट, रोमियो मयूर, अनिल कुमार, विपिन चौहान, डा. अरबाज खान, डॉ आर के गोला, पुनीत चौहान, सौरभ ठाकुर, अरुण कुमार नहटौर, मदनपाल सिंह आदि।**

## कण्वघाटी महाविद्यालय में भाषण, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता हुई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में विज्ञान संकाय की परिषदीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत भाषण, रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का आरंभ करते हुए प्राचार्य डा. हरिश्चंद्र ने छात्रों से अध्ययन के साथ ही प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करने का आह्वान किया, कहा कि इससे छात्रों का मानसिक विकास होता है। तत्पश्चात साइबर सिक्योरिटी विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में तनु पहले, स्मिता नेगी व अनुभव नेगी दूसरे और लक्ष्मण नेगी व सारिका पाल तीसरे स्थान पर रहे। अलग-अलग थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता में रितिका, शालिनी व दक्षिका की टीम ने पहला, शिखा, कुमकुम व प्रिया की टीम ने दूसरा और अंशिका कुमारी, अंशिका सिंह व ज्योति की टीम ने तीरा स्थान प्राप्त किया। वहीं मानव जीवन पर ए आइ का प्रभाव विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में शिखा पहले, कुमकुम केष्टवाल दूसरे और रिद्धिमा नेगी तीसरे स्थान पर रही।

## गांवों में पहुंचे ओमकुमार नीतियों का किया प्रचार



**नहटौर( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत नहटौर विधायक ओमकुमार द्वारा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों के बारे में बताया। उन्होंने साथ ही पार्टी कार्यक्रमों के बारे में भी चर्चा की।

शनिवार को ग्राम सादिकाबाद, सीकरी बुजुर्ग एवं कश्मीरी में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें विधायक ओम कुमार ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, डॉ. मिंटू गौतम, ग्राम प्रधान नौबहार सिंह, कुनाल सिंह गिलाड़ी, नरेश चैयरमैन, संकित कुमार, विनोद कुमार, बॉबी कुमार, आकाश कुमार, अमर सिंह, डॉ. मिथुन आदि उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने जुर्माना खत्म कर, 1500 पेड़ लगाने का दिया आदेश

**पुराने पेड़ काटने पर लगाया था 3.61 करोड़ रुपए का जुर्माना**

**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर में बस स्टैंड के पास देवेश कुमार शर्मा का 1.587 हेक्टेयर का आम का बाग था। इसमें करीब 82 पेड़ थे। राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में आम के पेड़ों की आयु राजस्व विभाग के अधिकारियों ने 70 से 75 वर्ष आंकी थी। पेड़ों को रोगग्रस्त भी माना गया था। दो वर्ष पूर्व फरवरी से मार्च तक बिना वन विभाग की अनुमति के आम के पुराने 79 पेड़ काट दिए गए थे। सूचना मिली तो वन विभाग के अधिकारियों ने इन पेड़ों को काटने पर करीब 3 लाख 95 हजार का जुर्माना लगाकर वसूल किया। दीपांशु शर्मा ने बिना अनुमति के इतने पुराने पेड़ काटने पर राष्ट्रीय हरित अधिग्रहण में केस दर्ज कराया था। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के मुख्य पर्यावरण अधिकारी ने बिना अनुमति के आम के 79 पेड़ काटने में 3 करोड़ 61 लाख का जुर्माना लगाया था। एनजीटी ने माना था कि पेड़ों को अवैध रूप से काटने पर पर्यावरण को नुकसान हुआ है। वहीं भूस्वामी देवेश कुमार शर्मा ने एनजीटी में अपना पक्ष रखते हुए केस डाल दिया था, जिसका फैसला शनिवार को आया जिसमें भूस्वामी देवेश कुमार शर्मा को राहत देते हुए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने अवैध रूप से आम के बाग काटने पर दायर की गई याचिका को खारिज करते हुए लगाए गए जुर्माने को हटाकर 1500 पेड़ लगाने का आदेश दिया ।

## चुराया था प्रेशर पंप, टंकी व तार, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**किरतपुर ( चिंगारी )।** नवनिर्मित मकान से चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार, 11 अप्रैल को नगर के मौहल्ला मीठाशहीद निवासी मजहर परवेज ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनके निर्माणाधीन मकान से बिजली के तार का बंडल, एक प्रेशर पंप और पानी की टंकी चोरी हो गई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी आमिर पुत्र यूनुस निवासी मोहल्ला लुकमानपुरा, किरतपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किया गया एक प्रेशर पंप और टंकी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317 (2) बीएनएस की वृद्धि कर दी गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## प्रशांत सैनी की हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम हैजरपुर निवासी प्रशांत सैनी की नृशंस व क्रूरता पूर्वक की गई हत्या के मामले में आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही व दिवंगत आत्मा की शांति के लिए महाराजा शूरसेन सैनी चौक से कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च में समाज के सभी लोग हाथ में कैंडल लेकर शांतिपूर्वक नगर के मछली बाजार, चक्की वाले चौराहा, फल चौराहा, भगत सिंह चौक, खारी कुआं से होते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले तिरंगा चौक पर पहुंचे। कैंडल मार्च में राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन के अध्यक्ष सुरेश सैनी (सोनी), महासचिव सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष धर्मपाल सैनी, सहकोषाध्यक्ष प्रशांत सैनी, सभासद रविशंकर सैनी, मुकुल सैनी, हिमांशु सैनी, संगठन मंत्री गौरव सैनी, जिला महासचिव अंकित सैनी, राजेंद्र सैनी , अजय सैनी, बबलू सैनी, अभय सैनी, संजय सैनी, नमन जैन, दीपक सैनी, प्रियांशु सैनी, कार्तिक सैनी ,उदय सैनी, राजवीर सैनी, राकेश सैनी, रोहन सैनी, राजेश सैनी, ललित सैनी, विपिन सैनी, नौबहार सैनी, पिंटू सैनी, रोशन सैनी , आकाश सैनी, नीरज सैनी, अमित सैनी , जतिन सैनी, प्रिंस सैनी, यश सैनी, प्रियंकर सैनी,विशाल सैनी , बृजेश सैनी, तनुज सैनी, वंश सैनी , नकुल सैनी, शिव सैनी आदि भारी संख्या में युवक शामिल रहे।




## खेत में मगरमच्छ देख किसान के उड़े होश

**मंडावर ( चिंगारी )।** खेत में गन्ने की घास साफ कर रहे किसान की मगरमच्छ पर नजर पड़ी, तो उसके होश उड़ गये। ग्राम लायकपुरी निवासी तारा सिंह इनामपुरा चौराहे पर स्थित अपने खेत पर काम रहे थे। काम करते वक्त अचानक तारा की नजर पड़ी कि एक बड़ा खूंखार मगरमच्छ पड़ा हुआ है। तारा ने शोर मचाया तो वहां भीड़ लग गई । सूचना पुलिस व वन विभाग को दी गई। जिसके बाद उपनिरीक्षक मनोज कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और भीड़ को हटाया। वन क्षेत्राधिकारी महेश कुमार गौतम ने बताया मगरमच्छ तालाब से निकलकर खेत में आ गया था। जिसका वन विभाग की टीम द्वारा रेस्क्यू कर गंगा में छोड़ दिया गया।

# कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ : अशोक राणा

## ग्राम जैतरा में प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन



मंचासीन वक्ता।

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम जैतरा स्थित मां शांति बाई सरस्वती विद्या मंदिर में सरकंडा चकराजमल मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती सुमन त्यागी ने कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की मूल विचारधारा, कार्य पद्धति तथा समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने के विषय पर विचार व्यक्त किये।

प्रशिक्षण वर्ग में धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता, कार्यक्रम, कार्यालय और कोष के आधार पर निरंतर आगे बढ़ रही है, कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं, इसलिए कार्यकर्ता को संगठन की विचारधारा के अनुरूप प्रशिक्षित करके समाज व पार्टी के हित में कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ग्राम जैतरा के प्रधान पति आदित्य वीर सिंह एडवोकेट व मंडल के अध्यक्ष भविराज सिंह ने भी विचार व्यक्त किये।

# एसबीडी में कैरियर काउंसलिंग एवं रोजगार सृजन कार्यक्रम का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** एसबीडी महिला महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग एवं रोजगार सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एम एम आई टी इंटरनेशनल, रामपुर के अध्यक्ष डॉ. शादाब खान, प्लेसमेंट काउंसलर डॉ. यश अग्रवाल ने कहा कि छात्राओं को स्वावलंबी बनने के लिए छात्र जीवन से ही अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के रोजगार हेतु स्वयं में आत्मविश्वास होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को बिजनौर के आसपास ही कैरियर बनाने के बहुत अवसर हैं जिन्हें हम छात्राओं को उपलब्ध कराएंगे। कैरियर काउंसलर बिजनौर विपुल रस्तोगी ने छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ ही स्किल डेवलपमेंट से संबंधित गुणों को विकसित करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर टीम द्वारा छात्राओं के इंटरव्यू भी लिये गये, जिसमें उन्हें जाब के चयन हेतु उपयुक्त पाया गया। साक्षात्कार में मोहम्मद अदनान खान, मोहम्मद गाजी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम चौहान ने कहा कि महाविद्यालय में समय-समय पर छात्राओं के कैरियर को ध्यान में रखते हुए रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के संयोजन में डॉ. अल्पना सिंह, श्रीमती ज्योति, कुमारी मीनू बोरा का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर कु. एकता रानी, कु. इंदुरानी, कुमारी पायल चौहान, कु. काव्या शर्मा, कु. भावना, कु. अलीशा, कु. मुस्कान सहित 45 छात्राओं ने भाग लिया।



# चामुण्डा देवी मंदिर का वार्षिकोत्सव आयोजित, अनेक गणमान्य लोगों को किया सम्मानित

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला लोहियान स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ माता चामुंडा देवी मंदिर का 48 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। इस दौरान सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान, नरेश कुमार सैनी कैटर्स, नितिन कुमार सैनी सर्राफ, मुन्नालाल हलवाई आदि को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया, जिसके मुख्य यजमान मुन्नालाल हलवाई एवं गीता देवी सैनी ,नितिन कुमार सर्राफ एवं मालती देवी सैनी ,लाखन सिंह सैनी एवं प्रकाशो देवी ,राजेश कुमार एवं शीला देवी, महेंद्र कुमार एवं रानी देवी, रवि कुमार सैनी एवं रीना देवी ,नरेश सैनी कैटर्स एवं लक्ष्मी देवी, कानपुर निवासी नितिन कुमार आजाद एवं प्रज्ञा रानी आजाद आदि रहे। पूजन कार्यक्रम पुरोहित आचार्य पंडित धर्मवीर शर्मा ने संपादित कराया।

कार्यक्रम में नवदुर्गा जागरण पार्टी के संस्थापक सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक एवं संचालक सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी के निर्देशन में माता रानी की पावन भेंटो को भजन गायको प्रहलाद फकीरा, मीता भारती ने प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इसी के साथ मुन्नी देवी यादव तथा कैलाश सिंह सैनी के परिवारों की ओर से 48 वे वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में केक काटे गए। नूरपुर से पधारे आचार्य पंडित दीपक कुमार शर्मा ने तारा रानी की पारंपरिक कथा प्रस्तुत की।

# उपेक्षा की मार झेल रही धामपुर की ब्राह्मण धर्मशाला

## जर्जर हालत से समाज में रोष


ब्राह्मण धर्मशाला का मुख्य द्वार।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर में ब्राह्मण समाज की एकमात्र धर्मशाला आज बदहाली और उपेक्षा का शिकार होकर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाने को मजबूर है। नगर के मोहल्ला बक्कालन स्थित यह धर्मशाला रखरखाव के अभाव में जर्जर हो चुकी है, जिससे समाज के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को अपने धार्मिक अनुष्ठान, विवाह समारोह और अन्य कार्यक्रमों के लिए दूसरे समाज की धर्मशालाओं व मैरिज हॉल का सहारा लेना पड़ रहा है। इस स्थिति के चलते उन्हें भारी आर्थिक बोझ और कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह धर्मशाला कभी ब्राह्मण समाज की शान और पहचान हुआ करती थी, लेकिन अब इसकी हालत बेहद खराब हो चुकी है। धर्मशाला परिसर में बने फ्रंट की दुकानों पर वर्षों से किरायेदार काबिज हैं, जबकि कुछ दुकानों का नवनिर्माण कर उन्हें गैर समुदाय के लोगों को किराये पर दिए जाने से समाज में रोष व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि समाज की इस धरोहर का उपयोग समाजहित में न होकर निजी हितों के लिए किया जा रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि धर्मशाला में मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। यहां न तो कोई उचित हाल/कमरा है, न शौचालय और न बाथरूम की व्यवस्था, और न ही बिजली व साफ-सफाई की समुचित सुविधा उपलब्ध है।

गौरतलब है कि यह धर्मशाला श्री ब्राह्मण सभा पंजीकृत, धामपुर के अधीन आती है। इस पूरे मामले पर श्री ब्राह्मण सभा पंजीकृत के अध्यक्ष विभूति कांत शर्मा ने दूरभाष पर बातचीत में कहा कि जल्द ही धर्मशाला का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां एक सत्संग भवन का निर्माण, शौचालय-बाथरूम की व्यवस्था और साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि, अब देखने वाली बात यह होगी कि यह आश्वासन कब तक धरातल पर उतरता है और ब्राह्मण समाज की इस महत्वपूर्ण धरोहर को उसकी पुरानी गरिमा कब वापस मिलती है।

# जो श्रद्धालु प्रतिदिन शिव पुराण कथा में आये उन्होंने आयोजन समिति से चांदी के बेलपत्र पाये

**धामपुर ( चिंगारी )।** मौहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम के सत्संग भवन में सनातन उत्थान सेवा संघ के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय शिवकथा के अंतिम दिन महंत राधेश्याम व्यास ने भगवान शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए पूरे नौ दिनों की कथा का सार प्रस्तुत किया। उन्होंने शिव भक्ति के महत्व, जीवन में सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भगवान शिव सरलता, करुणा और त्याग के प्रतीक हैं, जिनकी आराधना से व्यक्ति के जीवन में शांति और सुख की प्राप्ति होती है।

आयोजन समिति द्वारा प्रतिदिन कथास्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को चांदी का बेलपत्र भेंट किया गया, जो भगवान शिव की पूजा में विशेष महत्व रखता है। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप स्कूल फीस के चेक वितरित किए गए, जिससे कार्यक्रम को सामाजिक सेवा से भी जोड़ा गया।



महंत राधेश्याम छात्राओं को चेक प्रदान करते हुए।

इस अवसर पर अर्चिता शर्मा (दिल्ली) और रीमा सिंह (गाजीपुर) मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहीं। आयोजन को सफल बनाने में आचार्य शशिकांत वशिष्ठ, सुमित अवस्थी, सौरभ वशिष्ठ, रेनू सैनी, सचिन सैनी, राकेश मिश्रा, वैभव मिश्रा, विभूतिकांत शर्मा सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

# सेवानिवृत इंजीनियर ने दौड़ में जीते स्वर्ण एवं कांस्य पदक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दिल्ली के ईस्ट विनोद नगर स्थित स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में कुछ दिन पूर्व आयोजित नेशनल मास्टर्स गेम्स 2026 में उत्तराखंड राज्य की ओर से एथलेटिक्स में सत्तर प्लस कैटेगरी में प्रतिभाग करते हुए कोटद्वार के पदमपुर निवासी सेवानिवृत्त इंजीनियर महावीर सिंह बिष्ट ने 3000 मीटर दौड़ में स्वर्ण और 1500 व 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह जानकारी देते हुए उनके कोच तालिब खान ने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद प्रधानमंत्री के फिट इंडिया कार्यक्रम से प्रेरित होकर वे प्रतिदिन अभ्यास करते हैं। राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में वे प्रतिभाग कर चुके हैं। वहीं महावीर सिंह बिष्ट ने कहा कि सरकार को खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए कोटद्वार में उच्च स्तरीय खेल मैदानों का निर्माण कराना चाहिए, क्योंकि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। वहीं क्षेत्र के खेलप्रेमियों ने उनकी उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। बताया कि वे अरूणाचंल प्रदेश निर्माण विभाग में इंजीनियर पद से सेवानिवृत्त हैं।

# सरकार सभी प्रदेशों के विकास के लिए प्रतिबद्ध : पवित्रा

## कोटद्वार में डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र का शुभारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का विधिवत शुभारंभ हो गया है। पासपोर्ट सेवा केंद्र खुलने से कोटद्वार सहित मैदानी क्षेत्रों और पहाड़ के लोगों को राहत मिलेगी।

इस संबंध में शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा ने पासपोर्ट कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जनता के हित में लगातार कार्य कर रही है। सबका साथ सबका विकास ही मोदी सरकार का ध्येय है। कहा कि पासपोर्ट सेवा केंद्र का लोकार्पण होने के बाद अब दूर के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों सहित मैदानी क्षेत्र की जनता को भी केंद्र की सुविधा का लाभ मिलेगा और उनका समय बचेगा। कहा कि केंद्र सरकार उत्तराखंड सहित सभी प्रदेशों के बेहतर विकास के लिए प्रतिबद्ध है और देश के हर राज्य में वहां की जनता की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि केंद्र सरकार प्रदेश के विकास के लिए किए गए अपने वायदों को लगातार पूरा कर रही है। कहा कि यह वर्ष उत्तराखंड प्रदेश के लिए ऐतिहासिक होगा। क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा प्रदेश सरकार कोटद्वार विधान सभा के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। कहा कि पासपोर्ट कार्यालय के शुभारंभ सहित कण्वाश्रम को तकनीकी तौर पर विकसित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका सुखद परिणाम शीघ्र ही सामने आयेगा। कहा कि लालढांग-चिलरखाल सहित कोटद्वार से रामनगर को जोड़ने वाले कंडी मार्ग को भी शीघ्र खोला जायेगा। वहीं कोटद्वार से पौड़ी जाने के लिए टनल बनाने की भी तैयारी हो रही है, जिससे कोटद्वार से पौड़ी की दूरी कम हो जाएगी। कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार समाज के हर तबके का ध्यान रखते हुए योजनाएं बना रही है, इसलिए जनता को परेशान नहीं होना चाहिए।

कार्यक्रम में लैंसडौन विधायक दिलीप रावत, विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, मेयर शैलेंद्र रावत, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप और ऋषि कंडवाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनता मौजूद रही।



**कोटद्वार तहसील में आयोजित कार्यक्रम में डाकघर पासपोर्ट कार्यालय का शुभारंभ करते हुए भारत सरकार के विदेश राज्यमंत्री पवित्रा मार्गेरिटा।**

## जीआईसी में बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जीआईसी कोटद्वार में चल रहे उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का 14 दिवसीय मूल्यांकन कार्य पूरा हो गया है। अब बोर्ड की ओर से परीक्षा परिणाम जारी करने की तैयारी की जायेगी। केंद्र के उप नियंत्रक नागेंद्र चौहान व पर्यवेक्षक रविंद्र रावत ने बताया कि इस दौरान हाईस्कूल की अंग्रेजी, गृह विज्ञान, संस्कृत, गणित, हिंदुस्तानी संगीत गायन, हिंदुस्तानी मेलोडिक गायन की कुल 36,786 और इंटरमीडिएट की अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भौतिक विज्ञान, व्यावसायिक अध्ययन की 41,924 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में सह उप नियंत्रक दीपक नौटियाल, सह नियंत्रक मनमोहन चौहान, श्रीशचंद्र तिवारी और जयकृत नेगी ने भी सहयोग दिया।

## गंगा में डूबे तमिलनाडु के व्यक्ति का शव पांच दिन उपरांत मिला




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** शिवपुरी क्षेत्र स्थित यूसुफ बीच में गंगा नदी में स्नान के दौरान डूबे एक युवक का शव पांच दिन बाद एसडीआरएफ टीम द्वारा बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार 06 अप्रैल 2026 को एक युवक के यूसुफ बीच पर स्नान करते समय गंगा नदी में डूबने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और सर्च एवं रेस्क्यू अभियान प्रारम्भ किया।

एसडीआरएफ टीम द्वारा 06 अप्रैल से लगातार गंगा नदी के विभिन्न संभावित स्थानों पर स्कूबा डाइविंग, राफ्टिंग तथा आधुनिक उपकरणों की सहायता से गहन सर्चिंग अभियान चलाया गया। लगातार प्रयासों के उपरांत 11 अप्रैल 2026 को टीम ने फूल चट्टी क्षेत्र के समीप डूबे युवक का शव बरामद कर लिया। मौके पर परिजनों द्वारा शव की पहचान विजय रवि 28 वर्ष पुत्र रवि, निवासी, जनपद कांचीपुरम (तमिलनाडु) के रूप में की गई। जिला पुलिस द्वारा आवश्यक पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम हेतु एम्स भेज दिया गया।

## दुगड्डा नगर पालिका ने की विशेष स्वच्छता सप्ताह की शुरूआत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर पालिका दुगड्डा की ओर से विशेष स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत करते हुए लंगूरगाड नदी में सफाई अभियान चलाया गया। ईओ जीपी जोशी के साथ पालिकाकर्मियों व पर्यावरण मित्रों ने वार्ड नंबर चार सुभाष बाजार के निकट लंगूरगाड नदी में बिखरे हुए अपशिष्ट को एकत्र किया। मौके पर नदी में पड़ी खाली कांच व प्लास्टिक की बोतलों व कपड़ों को एकत्र किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अपने आसपास स्वच्छता रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सफाई रहेगी तो बीमारी के कीटाणु नही पनपेंगे। तत्पश्चात पालिका के शौचालयों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। पर्यावरण मित्रों ने जैविक व अजैविक अपशिष्ट को पालिका के कूड़ा वाहन से निस्तारण के लिए भेजा। अभियान में नगर पालिका के वरिष्ठ सहायक अनिल राणा, पालिका परिषद के कार्मिक व पर्यावरण मित्र शामिल रहे।

## हरिद्वार से देव प्रयाग तक पूरा कुंभ क्षेत्र मांस व मदिरा से मुक्त घोषित हो : रसिक महाराज

### प्रदेश के मंत्री मदन कौशिक से की मांग



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त स्वामी रसिक महाराज ने उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक से उनके निज निवास पर शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न जनहित और धार्मिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। यह महत्वपूर्ण बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के विकास, धार्मिक व्यवस्थाओं और आगामी बड़े आयोजनों को लेकर गंभीर मंथन किया गया। बैठक के दौरान स्वामी रसिक महाराज ने आगामी महाकुंभ को देखते हुए रायवाला में घाट निर्माण के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि यह क्षेत्र धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि घाटों के अभाव में श्रद्धालुओं को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, इसलिए सुव्यवस्थित और सुरक्षित घाटों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल श्रद्धालुओं की सुविधा मिलेगी बल्कि क्षेत्र की धार्मिक पहचान को भी मजबूती मिलेगी। स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक है, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु शामिल होते हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि इस आयोजन को और अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और भव्य बनाने के लिए अभी से ठोस कदम उठाए जाएं। स्वामी रसिक महाराज ने विशेष रूप से यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा कि कुंभ क्षेत्र को हरिद्वार से देवप्रयाग तक पूर्ण रूप से मांस और मदिरा से मुक्त घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह पूरा क्षेत्र गंगा तट पर स्थित है और अत्यंत पवित्र माना जाता है।

कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने स्वामी रसिक महाराज के सभी सुझावों और मांगों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे कुंभ मेला क्षेत्राधिकारी से रायवाला क्षेत्र में घाट निर्माण के कार्य को प्राथमिकता को लेकर आज ही बात करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार कुंभ मेले की तैयारियों को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। मंत्री ने हरिद्वार से देवप्रयाग तक क्षेत्र को मांस और मदिरा मुक्त बनाने के प्रस्ताव पर भी विचार करने का भरोसा दिलाया और कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान किया जाएगा।

## राज्य आंदोलनकारी विद्या गौनियाल का निधन



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य आंदोलन की समर्पित आंदोलनकारी श्रीमती विद्या गौनियाल का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है, उन्हें नम आंखों के साथ पंचतत्व में विलीन किया गया। उनके पुत्र समाजसेवी दीपक गौनियाल ने मुखाग्नि दी। श्रीमती विद्या गौनियाल ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए लंबे समय तक आंदोलनकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया। वे आईडीपीएल क्षेत्र में राज्य आंदोलनकारियों के बीच एक मजबूत स्तंभ के रूप में जानी जाती थीं। इसके अतिरिक्त नगर पालिका से जुड़े विभिन्न जन आंदोलनों में भी उन्होंने वर्षों तक सक्रिय भूमिका निभाई थी तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया। उनके निधन पर सामाजिक, व्यापारिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। वरिष्ठ समाजसेवी, प्रतिष्ठित व्यापारीगण, राजनेता क्षेत्रीय जनमानस ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।श्रीमती विद्या गौनियाल का जीवन संघर्ष, समर्पण और जनसेवा का प्रतीक था।






# काशी किंग्स ने बनायी जीत की 'हैट्रिक'

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** काशी किंग्स ने यूपी प्रो हैंडबॉल लीग में शनिवार को दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जीत की हैट-ट्रिक लगाते हुए नाकआउट के लिए मजबूत दावेदारी कर दी। काशी किंग्स ने खिलाड़ियों के बेहतरीन खेल की बदौलत गाजियाबाद पैंथर्स को 24-19 से शिकस्त देते हुए तालिका में शीर्ष पर अपनी पकड़ बना ली। वहीं गोरखपुर राउडीज़ की टीम मथुरा ब्रजस्टार को हराकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। एक अन्य मैच में बर्बरीक वॉरियर्स ने नोएडा ब्लास्टर्स के खिलाफ वापसी करते हुए पहली जीत का स्वाद चखा। टूर्नामेंट के तीसरे दिन पहले मैच में काशी किंग्स ने खेल के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए



गाजियाबाद पैंथर्स पर दबाव बनाए रखा। जीत में स्टार खिलाड़ी अविनाश ने फिर कमाल दिखाया और प्रतिद्वंद्वी गोलकीपर को चकमा देते हुए सात गोल दागे। हालांकि काशी की जीत के नायक गोलकीपर रजत खटकर बनकर उभरे जिन्हें मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर का पुरस्कार मिला।

टीम ने पहले हॉफ में 14-10 की बढ़त बना ली जबकि विमलेश ने चार और अनीश यादव व मोहित ने तीन-तीन गोल किए। गाजियाबाद पैंथर्स से मोहित कुमार व संचिन ने पांच-पांच गोल किए लेकिन टीम की हार को टाल नहीं सके।

दूसरे मैच में बर्बरीक वॉरियर्स ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए नोएडा ब्लास्टर्स के खिलाफ 22-17 की जीत से खाता खोला। पहले हॉफ में नोएडा ने तेजी दिखाते हुए 11-6 की बढ़त बनाई। हालांकि बर्बरीक वॉरियर्स ने दूसरे हॉफ में आक्रामक रणनीति अपनाते हुए जीत अपने नाम की।

टीम से मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर हसीन खान ने बेहतरीन तेजी दिखाई और सर्वाधिक 11 गोल दागे।

# श्रेयस को पंजाब किंग्स की तीसरी जीत का श्रेय



**न्यू चंडीगढ़ (एजेंसी/चिंगारी)।** कप्तान श्रेयस अय्यर ( नाबाद 69 ), प्रियांश आर्य (57) और प्रभसिमरन सिंह (51) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने सात गेंदें शेष रहते सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल मुकाबले में शनिवार को छह विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने पंजाब किंग्स के लिए तूफानी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 99 रन जोड़े। सातवें ओवर में शिवांग कुमार ने प्रियांश आर्य को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। प्रियांश आर्य ने 20 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए 57 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर में शिवांग कुमार ने प्रभसिमरन सिंह को आउटकर सनराइजर्स हैदराबाद को दूसरी सफलता दिलाई। प्रभसिमरन सिंह ने 25 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 51 रन बनाये। कूपर कॉनली 11 रन बनाकर शिवांग कुमार का तीसरा शिकार बने। 17वें ओवर में हर्ष दुबे ने नेहाल वढेरा को बोल्ड कर जीत की ओर बढ़ रही पंजाब किंग्स को चौथा झटका दिया। श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए नाबाद 69 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई। पंजाब किंग्स ने 18.5 ओवरों में चार विकेट पर 223 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। श्रेयस अय्यर ने 33 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद 69 रनों की पारी खेली। शशांक सिंह 16 रन बनाकर नाबाद रहे। आज यहां इससे पहले अभिषेक शर्मा (78), हेनरिक क्लासेन (39) और ट्रेविस (38) रनों की पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 220 रनों का लक्ष्य दिया।

# मुंबई के साथ अपने 15 साल के सफर पर रोहित
## 'अकेले यह नहीं कर सकता था'



**मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)।** क्रिकेट में पंद्रह साल एक लंबा समय होता है, लेकिन रोहित शर्मा के लिए, मुंबई इंडियंस के साथ उनका सफर समय के बारे में कम और इसे बनाने वाले लोगों के बारे में ज्यादा रहा है। 2011 में डेक्कन चार्जर्स से मुंबई इंडियंस की सफलता का चेहरा बनने तक, रोहित की कहानी माइलस्टोन के बारे में कम और उन्हें बनाने वाले लोगों, भरोसे और कल्चर के बारे में ज्यादा है। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में माइलस्टोन हासिल करते हुए, रोहित ने ट्रॉफियों और नंबरों के बारे में सोचा, इसके बजाय उन रिश्तों और सपोर्ट सिस्टम पर ध्यान दिया जिसने उन्हें लीग के सबसे सफल लीडर्स में से एक बनने में मदद की। उन्होंने कहा, इसे इतना खास बनाने के लिए आप सबका बहुत-बहुत धन्यवाद। पॉली (कीरोन पोलार्ड), हार्दिक (पंड्या), सूर्या (सूर्यकुमार यादव), शार्दुल (ठाकुर), माली (मलिंगा), कोच, और बाकी आप सभी का भी धन्यवाद। आप सबका बहुत-बहुत धन्यवाद। आप सबकी कोशिश के बिना यह मेरे लिए वैसा नहीं हो पाता जैसा मैं हूँ। यह एक बहुत ही खास टीम है, बहुत ही खास फ्रेंचाइजी है और इस टीम में बहुत ही खास लोग शामिल हैं। मुंबई इंडियंस को पांच आईपीएल टाइटल जिताने के बाद, रोहित ने साफ कर दिया कि ये कामयाबियां कभी भी सिर्फ उनकी नहीं थीं। उनके लिए, यह हमेशा मिलकर की गई कोशिश और फ्रेंचाइजी द्वारा बनाए गए माहौल के बारे में था। हाँ, हमने पाँच ट्रॉफी जीतीं, लेकिन ज़ाहिर है हम सब जानते हैं कि यह पूरी टीम की कोशिश के बिना मुमकिन नहीं है, जो इस फ्रैंचाइज़ को इतना खास बनाने में शामिल है।

# विस्फोटक बल्लेबाजी कर सूर्यवंशी ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा



**गुवाहाटी (एजेंसी/चिंगारी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंदों में 78 रनों की विस्फोट बल्लेबाजी करते हुए ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। शुक्रवार रात खेले गये इस मुकाबले में जितने शानदार सूर्यवंशी रहे हैं, उनके सहयोगी यशस्वी जायसवाल भी उतने ही बेहतरीन हैं। इस मैच में उन्होंने 8 गेंदों में 13 रन बनाये। और वह सर्वाधिक रन बनाने वालों दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। लेकिन दोनों के बीच मात्र 17 रन का अंतर है और उनके कुल 183 रन हैं। इसके अलावा शीर्ष तीन में आरआर का पूरा कब्जा बनाते हुए ध्रुव जुरेल तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाए गए 75 रन के बाद आरसीबी के खिलाफ भी 43 गेंदों में नाबाद 81 रन की शानदार पारी खेली।

# मैकलरॉय को छह शॉट की बढ़त, भाटिया मास्टर्स से बाहर

अगस्ता (एजेंसी/चिंगारी)। 2026 अगस्ता मास्टर्स ने हाफवे स्टेज पर एक अहम मोड़ लिया, जब रोरी मैकलरॉय ने देर से शानदार चार्ज करते हुए रिकॉर्ड तोड़ छह शॉट की लीड हासिल की, जबकि अक्षय भाटिया हाफवे कट से चूक गए। मैकलरॉय ने शुक्रवार को टूर्नामेंट का सबसे अच्छा परफॉर्मेंस दिया, उन्होंने शानदार 7-अंडर 65 का स्कोर बनाया, जिससे बाकी खिलाड़ी उनसे पीछे रह गए। राउंड के ज़्यादातर समय तक खचाखच भरे लीडर बोर्ड पर बने रहने वाले नॉर्दर्न आयरिशमैन ने अपने आखिरी सात होल्स में छह बर्डी के साथ बढ़त हासिल की। उनके 36-होल के कुल 12-अंडर 132 ने मास्टर्स के इतिहास में सबसे बड़ी हाफवे लीड का नया बेंचमार्क सेट किया। इस राउंड में मैक्लेरॉय का अनुभव और दबाव में उनका धैर्य दिखा। गलत टी शॉट्स के बावजूद, जिनसे दिक्कत हुई, उन्होंने बार-बार स्मार्ट लेअप और सटीक शॉर्ट-गेम एग्जीक्यूशन से वापसी की।

# दुनिया को जुरेल के बारे में थोड़ी और बात करनी चाहिए- रायुडू

**गुवाहाटी (एजेंसी/चिंगारी)।** ध्रुव जुरेल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत ज़्यादा अनुभवी नहीं हैं। उनके नाम सिर्फ़ नौ टेस्ट और चार टी 20 हैं। टेस्ट में ऋषभ पंत और टी20 में कई अन्य विकल्पों के लिए वह एक बैक-अप विकेटकीपर हैं। लेकिन अंबाती रायुडु का मानना है कि दुनिया को उनके बारे में थोड़ी और बात करनी चाहिए। जुरेल ने शुक्रवार रात आईपीएल 2026 के एक मुक़ाबले में गुवाहाटी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के ख़िलाफ़ सिर्फ़ 43 गेंदों में नाबाद 81 रन की पारी खेली और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को चौथी जीत दिलाने में मदद की। रायुडु ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो पर कहा, उन्होंने स्किल और टेम्परामेंट दोनों में बहुत क्लास दिखाई है। वह सच में अलग नजर आए। अब वह एक बहुत परिपक्व बल्लेबाज लगते हैं। अब समय है कि वह खेल के सभी फ़ॉर्मेट में आगे बढ़ें और उम्मीद है कि भारत के लिए अधिक खेलें। रायुडु ने आगे कहा, मुझे लगता है कि दुनिया को उनके बारे में थोड़ी और बात करनी चाहिए। अभी वह लाइमलाइट से दूर हैं।

# विश्व पैदल चाल टीम चैंपियनशिप में प्रियंका गोस्वामी और राम बाबू करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**ब्रासीलिया (एजेंसी/चिंगारी)।** दो बार की ओलंपियन प्रियंका गोस्वामी और राम बाबू रविवार को होने वाली विश्व पैदल चाल टीम चैंपियनशिप 2026 में 12-सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। इस टीम में उनके साथ मैराथन वॉक में नेशनल रिकॉर्ड बनाने वाली मंजू रानी और सर्विन सेबेस्टियन भी शामिल हैं। पैदल चाल 10 किमी और 20 किमी के राष्ट्रीय रिकार्डधारी साहिल और अक्षदीप सिंह भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। प्रियंका गोस्वामी के नाम 10 किमी पैदल चाल का राष्ट्रीय रिकार्ड है और वे 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स की रजत पदक विजेता हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**


//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701